# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बस्तर की लोकसंस्कृति और ग्रामीण एकता का दिखा अनूठा संगम



### हर साल बढ़ रही पहचान

कार्यक्रम देखने पहुंचे लोगों ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में "बंधा मतौर" की पहचान तेजी से बढ़ी है, जिसके कारण इस बार रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। आयोजन समिति ने आने वाले वर्षों में इस पारंपरिक उत्सव को और भव्य रूप देने की बात कही, ताकि बस्तर की इस सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान मिल सके।





## मत्स्याखेट... तीन साल में एक बार 'बंधा मतौर' उत्सव, मछली पकड़ने तालाब में उमड़े हजारों

भरत भारद्वाज ▶▶| फरसगांव

अलग खबर


कोंडागांव जिले के ग्राम बरकई में शनिवार को बस्तर की लोकसंस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकता का प्रतीक "बंधा मतौर" कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। हर तीन वर्ष में होने वाले इस अनूठे पारंपरिक उत्सव में कोंडागांव सहित आसपास के कई जिलों और पड़ोसी राज्य ओडिशा से हजारों ग्रामीण पहुंचे। तालाब में उतरकर सामूहिक रूप से मछली पकड़ने की परंपरा में शामिल हुए। आयोजन स्थल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### श्रमदान की परंपरा से जुड़ा है "बंधा मतौर"

ग्राम पटेल जीवनलाल पाण्डे ने बताया कि दशकों पहले गांव के तत्कालीन मालगुजार "नेंगा और जोंगा" ने ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान से भंडारी तालाब और बड़े तालाब की खुदाई करवाई थी। श्रमदान करने वाले ग्रामीणों को भुगतान नहीं कर पाने के कारण उनके लिए मछली पकड़ने के इस पारंपरिक "बंधा मतौर" कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि पहले ▶▶| शेष पेज 6 पर









सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹117896/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹143990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹157178/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### सीयूईटी-यूजी की परीक्षा बकरीद के कारण स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बकरीद के अवकाश की तारीख बदलने के कारण 28 मई के लिए निर्धारित स्नातक संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 स्थगित कर दी है। अभ्यर्थियों के लिए नयी परीक्षा तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। यह फैसला कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के 22 मई को जारी उस आदेश के मद्देनजर लिया गया, जिसमें ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी की संशोधित तारीख का उल्लेख किया गया।



### रेलवे ट्रैक पर खड़ी कार को ट्रेन ने मारी टक्कर

**हाथरस।** हाथरस जिले के मुरसान में दो परिवारों के विवाद में रविवार देर रात एक परिवार की कार रेलवे ट्रैक पर खड़ी कर दी गई। उसे रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार उस लाइन के बगल वाली पटरी पर थी, जिससे ट्रेन गुजर रही थी। बड़ा हादसा टल गया, वरना यात्रियों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। रतनलाल की तहरीर पर रात में ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। रेलवे अधिनियम के तहत अलग से कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### तालाब में नहाने गए तीन नाबालिग डूबे

**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र के खंडेह गांव में सोमवार सुबह तालाब में नहाने गए तीन नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत हो गई। खंडेह गांव निवासी प्रबल यादव (10), आदित्य कुशवाहा (9) और भोला कुशवाहा (10) सुबह करीब 10:30 बजे रामजानकी मंदिर के तालाब में नहाने गए थे। घटना के समय तालाब के पास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल तीनों बच्चों को पानी से निकालकर मौदहा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दिलजीत के पैतृक आवास को उड़ाने की धमकी

**लुधियाना।** लुधियाना नगर निगम कार्यालय को सोमवार को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें जिले में महापौर कार्यालय और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के पैतृक आवास को बम विस्फोट से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि तलाश में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तलाश के दौरान कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### पेट्रोल 2.61 रुपए और डीजल 2.71 रुपए महंगा

# पेट्रोल-डीजल फिर महंगा, 10 दिनों में सात रुपए से ज्यादा बढ़ गए दाम

सप्ताह का पहला दिन सोमवार महंगाई के अटैक के साथ शुरू हुआ। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर चौतरफा महंगाई की मार पड़ रही है। महज 10 दिनों में तेल कंपनियों ने चौथी बार इनकी कीमतों में बढ़ोतरी कर आम लोगों को झटका दिया है। सोमवार को पेट्रोल के दाम में 2.61 लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी वृद्धि है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ उसके खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के साथ, 15 मई से लेकर पेट्रोल और डीजल के दामों में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। इससे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव और परिवहन लागत बढ़ने की आशंकाएं तेज हो गई हैं।

उद्योग सूत्रों के अनुसार, कीमतों में हुए इस ताजा संशोधन में पेट्रोल 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। इससे दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपए से बढ़कर 102.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.49रुपए से बढ़कर 95.20 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपए और डीजल 97.83 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में 113.51 रुपए और 99.82 रुपए प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 107.77 रुपए ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कब-कितने बढ़े दाम

| तारीख | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| 15 मई | 3 रुपए | 3 रुपए |
| 19 मई | 90 पैसा | 90 पैसा |
| 23 मई | 87 पैसा | 91 पैसा |
| 25 मई | 2.61 रुपए | 2.71 रुपए |

### रायपुर का हाल

**पेट्रोल**

1 मई- 101.03 रुपए
25 मई- 108.71 रुपए
बढ़ोतरी-7.68 रुपए

**डीजल**

1 मई- 93.37रुपए
25 मई- 101.32 रुपए
बढ़ोतरी- 7.95 रुपए




### वित्त मंत्री बोलीं- पेट्रोल-डीजल पर ड्यूटी घटने से 1 लाख करोड़ का घाटा

इधर, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की नीतियों को घरेलू विकास को सुरक्षित रखने के हिसाब से तैयार किया गया है। सरकार के पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में कटौती करने के फैसले से रेवेन्यू में 1 लाख करोड़ का घाटा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि भारत भय फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता।

### इधर, शेयर बाजार की बढ़ी रफ्तार

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 1,074 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 312 अंक के लाभ में रहा। अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर धारणा सुधरने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी आई जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### पेट्रोल-डीजल महंगा होने से असर

**मालभाड़ा बढ़ेगा :** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।



**खेती की लागत :** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।



**बस-ऑटो का किराया :** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।



### कांग्रेस ने कहा-जनता की जेब पर वार

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर वृद्धि होने के बाद सोमवार को आरोप लगाया कि 'महंगाई मानव' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के समय वादे करते हैं और बाकी समय जनता की जेब पर वार करते हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि पेट्रोल और ▶▶| शेष पेज 6 पर

पुलिस को मिली सफलता

## सब्जी के कैरेट्स के नीचे से निकला 65 लाख का गांजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले की देवभोग इलाके में एक पिकअप में सब्जी के कैरेट्स के नीचे से पुलिस ने 65 लाख का गांजा पकड़ा है। पुलिस ने खुटगांव चेकपोस्ट के घेराबंद करके 130 किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 24 मई को देवभोग पुलिस द्वारा ग्राम खुटगांव के पास अंतर्राज्यीय नाके पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक संदिग्ध वाहन भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर उत्तर प्रदेश की तरफ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### यूपी का रहने वाला है आरोपी भेजा गया जेल

पुलिस ने मौके से ही तस्करी कर रहे आरोपी चालक राहुल पाण्डेय (33 वर्ष) निवासी गाजीपुर उत्तरप्रदेश को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने गांजे को ओडिशा से यूपी ले जाना स्वीकार किया। देवभोग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कैरेट्स के नीचे छिपाई थीं 6 बोरियां

वाहन की तलाशी लेने पर ऊपर रखे सब्जी के कैरेट्स के नीचे छिपाई गई 6 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियां बरामद हुईं। इन बोरियों से कुल 130 किलो 160 ग्राम गांजा बाजार मूल्य लगभग 65 लाख 8 हजार जब्त किया गया। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल पिकअप वाहन कीमत 5 लाख 50 हजार को भी बरामद किया गया।

## नवतपा की भीषण शुरुआत राजनांदगांव 46 से ऊपर कई शहर 45 के करीब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नाम के अनुरूप नवतपा के पहले दिन छत्तीसगढ़ में जमकर गर्मी पड़ी और मई के पिछले दिनों का तापमान पीछे छूट गया। प्रदेश का मध्य इलाका यानी रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के कई शहर ग्रीष्मलहर की चपेट में आ गए। अगले तीन दिन भीषण गर्मी के मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। चौबीस घंटे के लिए 22 जिलों में लू के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

- तीन दिन बड़ा बदलाव के नहीं हैं आसार, चौबीस घंटे का आरेंज अलर्ट

ग्रीष्मकाल का पीक माने जाने वाले मई में इस बार गर्मी ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। तेज गर्मी के बीच नवतपा के पहले दिन राजनांदगांव, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के अधिकतम तापमान ने सीजन के पुराने आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया। सरगुजा और बस्तर संभाग में अच्छी गर्मी रही, मगर प्रदेश का मध्य इलाका भीषण गर्मी की चपेट में आकर झुलस गया। यहां सूरज निकलने के साथ शुरू हुई तेज गर्मी रात होने के बाद भी लोगों की परेशानी का कारण बनी रही। सोमवार को भी गर्मी के मामले में राजनांदगांव ▶▶| शेष पेज 6पर

### गर्म तवे पर छींटे पड़ेंगे

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार लगातार बढ़ रही गर्मी से धरती तवे की तरह गर्म हो चुकी है। अगले चौबीस घंटे में कुछ एक इलाके में हल्की वर्षा अथवा पड़ने वाले छींटें परेशानी को दोगुना कर सकते हैं। अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बिहार और उसके आसपास स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण बिहार से उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक मौजूद है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन होने के आसार बन रहे हैं।

### ऐसी पड़ी गर्मी

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 45.1 | +2.6 |
| माना | 45.7 | +3.4 |
| बिलासपुर | 45.1 | +1.3 |
| पेंड्रा | 42.4 | +2.8 |
| अंबिकापुर | 42.8 | +2.9 |
| जगदलपुर | 40.8 | +2.6 |
| दुर्ग | 45.2 | +1.8 |
| राजनांदगांव | 46.5 | +2.8 |

सुरक्षित निकाले गए

## डिप्टी सीएम के चार्टर्ड प्लेन से निकला धुआं

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के चार्टर्ड प्लेन के इंजन में गड़बड़ी का मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया। घटना सोमवार दोपहर की है। डिप्टी सीएम के विमान का एक इंजन फेल हो गया। इंजन से धुआं निकलने लगा। ब्रजेश पाठक मुरादाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले थे। इसी दौरान यह हादसा सामने आया। डिप्टी सीएम ने खुद के सुरक्षित होने की बात कही है।

### एजेंसियां एक्टिव

डिप्टी सीएम के चार्टर्ड विमान के इंजन से धुआं निकलने का मामला सामने आते ही एयरपोर्ट प्रशासन से लेकर सुरक्षा एजेंसियां तक एक्टिव हो गईं। आनन-फानन में विमान को रुकवाया गया। रनवे पर विमान के रुकते ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को इससे बाहर निकाला गया।

### सुप्रीम कोर्ट से दास को मिली राहत, इधर सीएसएमसीएल भर्ती घोटाले में मांगा जवाब

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के दो मामलों में दास को जमानत, रहना होगा राज्य से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को कई करोड़ रुपये के शराब नीति घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि अन्य सह-आरोपी पहले ही जमानत पर बाहर हैं और मुकदमों के निष्कर्ष तक पहुंचने में अभी काफी समय लगेगा। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ▶▶| शेष पेज6 पर

### जमानत पर लागू रहेंगी शर्तें

अदालत ने उन पर वही जमानत शर्तें लागू कीं जो अन्य सह-आरोपियों पर लागू हैं। इसके तहत उन्हें राज्य से बाहर रहना होगा और वह केवल मुकदमे की सुनवाई तथा जांच में शामिल होने के लिए ही छत्तीसगढ़ आ सकेंगे। हालांकि, पीठ ने यह भी कहा कि वह भविष्य में जमानत की शर्तों में ढील देने की मांग कर सकते हैं। इससे पहले एक मार्च को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया को भी शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दी थी।



### कारोबारी की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) में भर्ती में कथित भ्रष्टाचार और अवैध कमीशन रैकेट के मामले में आरोपी व्यवसायी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर छत्तीसगढ़ सरकार से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य सरकार ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नीट पेपर लीक केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

## कोर्ट ने कहा- एनटीए ने अब तक सबक नहीं सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यह दुखद है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पहले के नीट पेपर लीक से सबक नहीं सीखा है। कोर्ट ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षा एजेंसी की जगह एक मजबूत और स्वायत्त निकाय स्थापित करने संबंधी याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाओं की प्रति अन्य पक्षों के अलावा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को भी दी जाए। कोर्ट ने नीट परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार एनटीए को 2024 में अदालत द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन पर ▶▶| शेष पेज 6 पर



### सभी पक्षों को तीन दिन में मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने सभी पक्षों को तीन दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की। एफएआईएमए ने बार-बार पेपर लीक होने के कारण 22 लाख से अधिक छात्रों के मौलिक अधिकारों पर 'सीधे सीधे हमला होने' का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से सीधे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया और एनटीए के पुनर्गठन या उसके स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के संचालन के लिए एक मजबूत और स्वायत्त प्रणाली की स्थापना की मांग की है।

### इधर, केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से मांगा सहयोग

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों को पत्र लिखकर 21 जून को होने वाली नीट-स्नातक की पुनः परीक्षा के सुगम और निष्पक्ष आयोजन के लिए उनका सहयोग मांगा है। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मौजूदा ऊष्ण लहर की स्थिति को देखते हुए, प्रधान ने राज्यों और केंद्र ▶▶| शेष पेज 6 पर



### किसान का छलका दर्द, कहा- बेटी ने कर ली खुदकुशी

महाराष्ट्र में लातूर जिले के एक किसान ने दावा किया है कि चिकित्सक बनने की इच्छुक उसकी 18 वर्षीय बेटी ने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के कारण राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2026 को रद्द किए जाने के बाद मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि उसने मामला दर्ज कर किसान के दावे की जांच शुरू कर दी है। उसने बताया कि गोंडेगांव गांव की रहने वाली मैथिली अशोक सोनवणे ने 16 मई की सुबह अपने खेत में एक पेड़ से कथित तौर पर फांसी लगा ली। अधिकारियों ने बताया कि उसके शव का पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।


देश के हर घर को
ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में
- एक ऐतिहासिक कदम -
माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
SURIONYX PATHSALA PVT. LTD.
RK SOLAR
A COMPLETE SOLAR SOLUTION
WWW.SURIONYX.COM
S S ENTERPRISES
A COMPLETE SOLAR SOLUTION
CHHATTISGARH STATE VENDOR
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
हर घर सोलर - हर घर उजाला - घर घर बचत
SURIONYX PATHSALA
Presents
SOLAR मेला
29, 30 & 31 May Grand Expo
Venue : Crossroad Business Park, Front of Mahima Complex, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.)
Channel Partner बनकर स्वयं के घर में
100% Cashback
के साथ Solar System लगाने का अवसर
बिजली तो यूं ही महंगी होती रहेगी लेकिन, सोलर से रोशनी हमेशा
फ्री रहेगी
अब सोलर लगवाना होगा बेहद आसान
छत्तीसगढ़ के सारे भरोसेमंद ब्राड्स होंगे एक ही छत के नीचे आपके पास
होगा मौका अपने बिजली बिल को लगभग फ्री करने का सोलर से जुड़ी
पूरी जानकारी मिलेगी एक ही जगह पर सोलर मेला में
KEY BENEFITS
कम निवेश, अधिक मुनाफा
मार्केटिंग और लीड सहायता
मजबूत ब्रांड और भरोसा
टेक्निकल और प्रोजेक्ट सहायता
पूर्ण सपोर्ट और ट्रेनिंग
ग्रीन एनर्जी के साथ सतत और सुरक्षित भविष्य
आकर्षक कमीशन और इंसेंटिव
बढ़ती मांग वाला भविष्य का व्यवसाय
SURIONYX
25 YEAR PERFORMANCE
अपनी घर की छत पर Solar लगवाने के लिए Scan करें
Channel Partner आवेदन के लिए scan करें
आज ही हमसे जुड़ें और बनें भविष्य के सौर क्रांति के भागीदार !
बिलासपुर संभाग - 9171715457 | सरगुजा संभाग - 9171715458
भारत सरकार की सहायता प्राप्त योजना
बिजली बिल में भारी बचत
25 साल तक परफॉर्मेंस गारंटी
स्वच्छ ऊर्जा, स्वस्थ भविष्य
Head Office
CALL NOW 9171715452
VISIT OUR WEBSITE
www.surionyx.com info.surionyx.com
Address: Crossroad Business Park, Front of Mahima Complex, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.)

बिलासपुर
मंगलवार 26 मई 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 26, अंक : 65
पृष्ठ : 10+6+8= 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 45.1
न्यून. 30.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच...



विचार पेज
2 आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# लाल फीता शाही पर रोक, 1 जून से मंत्रालय में अफसर केवल ई-फाइल स्वीकार करेंगे, हार्ड कॉपी नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

नौकरशाही के गलियारों में लालफीता शाही शब्द लंबे अरसे से गूंजता रहा है। इसके कई मायने हैं, लेकिन इसमें असली बात यही है कि कागजात को फाइलों में दबाकर रोक देना, लेकिन अब ये लालफीता शाही छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रालय में नहीं चलने वाली है। दरअसल 1 जून से नई व्यवस्था के तहत सभी फाईलें ई माध्यम से ली जाएंगी। अफसर हार्ड कापी स्वीकार नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति लाने के उद्देश्य से एक बड़ा नीतिगत बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नए आदेशों के अनुसार, 1 जून 2026 से राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में फाइलों का संपादन केवल 'ई-ऑफिस' पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा।

### फिजिकल डाक पर रोक

राज्य सरकार के आदेश के पालन में अब शासन स्तर पर अब किसी भी तरह के भौतिक प्रस्ताव या फाइलें स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कोई फाइल ऑफलाइन या भौतिक रूप से प्राप्त होती है, तो उसे बिना किसी कार्रवाई के आवक (रिसिप्ट) स्तर से ही संबंधित विभाग को वापस लौटा दिया जाएगा।



अब सभी फाइलें ई- ऑफिस पोर्टल से ही चलेंगी

### नहीं होगी स्वीकार्यता

राज्य सरकार ने पाया है कि बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद, कई विभाग और कार्यालय अभी भी भौतिक फाइलों का उपयोग कर रहे हैं। इसे सरकार ने अपनी डिजिटल नीतियों के विपरीत माना है। अब सरकार ने एक नया आदेश जारी कर अनिवार्य डिजिटलीकरण लागू किया है। 1 जून 2026 से समस्त कार्यालयीन नस्तियां केवल ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से ही प्रस्तुत की जाएगी।

### केवल गोपनीय मामलों में छूट

आदेश में कहा गया है कि केवल अत्यंत गोपनीय या अति संवेदनशील मामलों में, जहां सक्षम प्राधिकारी की लिखित पूर्व अनुमति हो, इस नियम में शिथिलता दी जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि यदि किसी कार्यालय के अंतर्गत काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का शासकीय ई-मेल आईडी नहीं बना है कि तो कार्यालय प्रमुख प्राथमिकता के साथ शासकीय ई-मेल आईडी बनाकर उन्हें ई-आफिस पोर्टल पर आन बोर्डिंग करेंगे। ये भी साफ कहा गया है कि कि इन निर्देशों का कड़ाई से अक्षरक्षः पालन करना करने के लिए अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों, अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। यह बात सभी भारसाधक सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए कही गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### निजी तस्वीरों के नाम पर उगाही की कोशिश



**इंदौर।** इंदौर में पुलिस ने एक शराब कारोबारी से कथित तौर पर एक करोड़ रुपए की उगाही की साजिश में गिरफ्तार सात लोगों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्रयोगशाला भेजने का फैसला किया है। पुलिस को संदेह है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से पहले कथित आपत्तिजनक वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य मिटा दिए थे।

### वीडियो कॉल पर बात करते कर ली खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल बाग क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक ने अपनी महिला मित्र से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। लोकेश कुमार उत्तरी दिल्ली में अपनी मां, छोटे भाई व बहन के साथ एक किराए के घर में रहता था और एक कारखाने में काम करता था। शुरुआती जांच में सामने आया कि लोकेश और एक महिला के बीच कथित तौर पर प्रेम प्रसंग था तथा हाल में दोनों में कुछ विवाद हुआ था।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार पिता और पुत्र की मौत हो गई। यह हादसा बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत हकुआ मोड़ के पास हुआ। मृतकों की पहचान राजाराम प्रजापति और उनके पुत्र सिकंदर प्रजापति (25) के रूप में की है।

### एसयूवी खाई में गिरी, आठ की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक एसयूवी के खाई में गिर जाने से आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा पोलादपुर-महाबलेश्वर मार्ग पर अंबेनली घाट इलाके में हुआ। हादसे का शिकार हुए लोग दापोली से सातारा जा रहे थे। वाहन सोमवार सुबह खाई में मिला। मृतकों की पहचान रितेश लोखंडे, सुहास लोखंडे, उत्कर्ष शिंगटे, निखिल शिंगटे, महेश पवार, आदित्य सालुंखे, राजेश काटकर और अंश चव्हाण के रूप में की गई है।

### समस्याओं का विश्लेषण करेगा आईआईटी मद्रास



**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास, पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी मुद्दों को हल करने में सीबीएसई की सहायता के लिए कम से कम दो संकाय सदस्यों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगा। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि ने सोमवार को यह जानकारी दी।

दो समारोह में देश की विभूतियों को मिलेगा 131 पद्म पुरस्कार

## राष्ट्रपति मुर्मु 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

# अभिनेता धर्मेंद्र को मिला पद्म विभूषण गोडबोले दंपति 'पद्म श्री' से अलंकृत

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में जनजातीय स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले को संयुक्त रूप से 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में हिंदी फिल्मों के अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत और शास्त्रीय संगीतकार एवं वायलिन वादक एन राजम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। धर्मेंद्र को कला के क्षेत्र में असाधारण और उत्कृष्ट सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया जिसे उनकी पत्नी और सांसद हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। राजम को भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके अहम योगदान के लिए, खासकर 'गायकी अंग' शैली के माध्यम से वायलिन प्रस्तुति को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। राजम ने पंडित ओंकारनाथ ठाकुर से संगीत के गुर सीखे थे। मुर्मू ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी; चुनौतियों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह ने दी बधाई



### आंखों में आंसू लिए हेमा ने लिया सम्मान

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेत्री और धर्मेंद्र की दूसरी पत्नी हेमा मालिनी ये सम्मान स्वीकार किया। इस दौरान हेमामालिनी के आंखों में आंसू छलक आए। पद्म पुरस्कार 2026 का समारोह देओल परिवार के लिए भावुक पल में तब्दील हो गया, जब अहाना देओल अपनी मां हेमा मालिनी को देख रोने लगीं। हेमा मालिनी दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की ओर से मरणोपरांत पद्म विभूषण लेने के लिए पहुंचीं।

### बस्तर की जनसेवा को राष्ट्रीय सम्मान



मूलतः महाराष्ट्र निवासी डॉ. रामचंद्र गोडबोले, जो आयुर्वेद चिकित्सक (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी-बीएएमएस) हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता गोडबोले, जिन्होंने मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की शिक्षा प्राप्त की है, ने वर्ष 1990 में विवाह के तुरंत बाद छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले स्थित बारसूर क्षेत्र में जाकर जनजातीय समाज की सेवा का संकल्प लिया था। वनवासी कल्याण आश्रम के पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में डॉ. गोडबोले ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी को दंडवत प्रणाम



5000 साल पुरानी मार्शल आर्ट 'सिलंबम' को दुनियाभर में पहचान दिलाने वाले के. पजानिवेल को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। पजानिवेल ने राष्ट्रपति से पद्मश्री पुरस्कार लेने से पहले पीएम मोदी को दंडवत प्रणाम किया। के. पजानिवेल ने 'सिलंबम' को विभिन्न महाद्वीपों में लोकप्रिय बनाया। पुडुचेरी के गांव पूरनंकुप्पम के रहने वाले 53 वर्षीय पजानिवेल ने बचपन में ही मार्शल आर्ट को अपनाया और अपना पूरा जीवन इसे समर्पित कर दिया।

### पद्म पुरस्कारों में खेल जगत चमका

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनके शानदार नेतृत्व और उपलब्धियों के लिए पद्मश्री सम्मान दिया गया है। साल 2025 उनके करियर के लिए बेहद खास रहा, जब उन्होंने घरेलू सरजमीं पर भारतीय महिला टीम को विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई और देश का नाम रोशन किया।

### मुख्यमंत्री साय ने कहा - सेवा, समर्पण का श्रेष्ठ उदाहरण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के सुदूर जनजातीय अंचलों में दशकों से निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा और मानवता की मिसाल प्रस्तुत करने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं श्रीमती सुनीता गोडबोले को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बताया है।

सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

## त्विषा मामले की जांच अपने हाथ में लेगी सीबीआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मॉडल से अभिनेत्री बनीं त्विषा शर्मा की मौत के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि वह इस विमर्श से 'व्यथित' है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। कोर्ट ने साथ ही कहा कि वह इस मामले में सीबीआई की निष्पक्ष, स्वतंत्र और पूर्वाग्रह रहित जांच सुनिश्चित करेगा। सीबीआई त्विषा शर्मा की मौत के मामले की जांच अपने हाथ में लेगा और इसके लिए सीबीआई के एक दल को भोपाल भेजा गया है। त्विषा शर्मा (33) का शव भोपाल के ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया**
सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा मामले में एक मीडिया रिपोर्ट के बाद स्वतः संज्ञान लिया था। इस रिपोर्ट में जांच में संस्थागत पक्षपात से जुड़े सवाल उठाए गए थे, जिनमें यह आरोप भी शामिल था कि आरोपी के वकील होने और उसकी मां के पूर्व जिला न्यायाधीश होने के कारण निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही।

### बेटी की मौत से बेहतर है उसका तलाक हो जाए

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट से कहा कि यह मामला सभी माता-पिता के लिए एक संदेश है कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का सामना करने से बेहतर है कि बेटी का तलाक हो जाए। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि त्विषा की सास ने टीवी चैनलों पर आकर पीड़िता को बदनाम करने वाले बयान देने शुरू किए जिसके बाद मीडिया कवरेज शुरू हुआ।

सनावल थाना क्षेत्र की घटना

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार चार की मौत





मनोज पंडो | रमेश पंडो | नरेश पंडो | राकेश पंडो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाड्रफनगर

सनावल थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बाजार से घर लौट रहे थे। इस दौरान पीपरपान के पास ईंट लोड ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक घायलों की मदद करने के इंजन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

■ घटना के बाद इंजन लेकर चालक फरार, लोगों में आक्रोश

### एक साथ उठी चार अर्थियां

इस घटना के बाद सनावल क्षेत्र में शोक का माहौल है। पीएम उपरान्त चारों युवकों के शव गांव लाए गये। मरने वालों में तीन एक ही परिवार के थे जबकि चौथा युवक पडोसी था। एक साथ चार लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। देर शाम चारों युवकों की अर्थी उठी और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सनावल थाना प्रभारी ब्रिजलाल भारद्वाज ने बताया कि चारों युवकों के शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ट्राली लेकर भागा चालक

आरोप है कि घटना के बाद चालक घायलों की मदद करने और लोगों को घटना की सूचना देने के बदले ट्राली को अलग कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। इधर घायल युवक सड़क पर खून से लथपथ अवस्था में पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ब्रिजलाल भारद्वाज व पुलिस टीम ने चारों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां चारों युवकों को मृत घोषित कर दिया। ऐसे में लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों और परिजन का कहना है कि यदि समय पर चालक द्वारा सूचना दी गई होती तो शायद किसी की जान बचाई जा सकती थी।

एसीबी ने किया गिरफ्तार

## 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

खास खबर

नगर से लगे गांव डोंगी तराई में सोमवार को निजी कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो ने पटवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा लिया है। पटवारी लंबे समय से एक किसान को जमीन बंटवारे के कार्य के नाम पर परेशान कर रहा था। काम करने के एवज में 25 हजार की मांग कर रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार, साजा क्षेत्र के किसान नरोत्तम साहू अपनी जमीन ▶▶ शेष पेज 6 पर



### रिश्वत लेते ही टीम ने दबोचा

बताया जा रहा है कि जैसे ही किसान ने आरोपी पटवारी ओमकार सोनवानी को रिश्वत की रकम सौंपी, उसी दौरान पहले से घात लगाए बैठी एसीबी की टीम ने दबिश दे दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही आरोपी के हाथ धुलवाए गए, जिसमें केमिकल के असर से उसके हाथ गुलाबी हो गए।

### इधर, कनिष्ठ अभियंता और लाइनमैन धरे गए



राकेश शुक्ला | मनीष कुमार

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता मनीष ▶▶ शेष पेज 6 पर

पहले चरण में सभी संभागों के निकाय शामिल

## छत्तीसगढ़ में अब आदर्श शहर समृद्धि योजना पहले चरण में 32 शहरों का होगा कायाकल्प



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' शुरू की है। इस योजना के पहले चरण के लिए राज्य के 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया है। इनमें सभी संभागों के तहत आने वाले नगरीय निकाय शामिल है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। योजना के तहत मुख्य रूप से इन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बुनियादी सुविधाएं- सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना।

### छोटे शहर भी होंगे बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त- साय

सीएम साय ने कहा है कि - हमारी सुशासन सरकार बड़े शहरों के साथ-साथ उभरते नगरों और कस्बों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना, जन सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार छोटे शहरों को भी बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

ग्वालियर में हैरान करने वाला मामला

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी

## बिस्तर को लेकर मां-बेटी में झगड़ा, पिता की चली गई जान

एजेंसी ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। चिटनिस की गोठ स्थित वैकुंठ अपार्टमेंट में मां बेटी के बीच झगड़े के दौरान पिता अनिल कपूर की मौत हो गई। बिस्तर पर सोने को लेकर हुए मां बेटी के विवाद में पिता को अटैक आ गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के चिटनिस की गोठ स्थित वैकुंठ अपार्टमेंट की है। अनिल कपूर अपनी दूसरी पत्नी रितु कपूर और बेटी मानसी ▶▶ शेष पेज 6 पर



एक्सपर्ट व्यू

### दिल का रखें ख्याल

कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अमर सिंघल कहते हैं कि दिल सिर्फ ब्लड पंप करने का काम नहीं करता। यह पूरे शरीर को ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाता है। अगर ब्लड वेसल्स में ब्लॉकेज या कमजोरी आ जाए तो पूरा सिस्टम प्रभावित होता है। हार्ट अटैक अचानक नहीं आता। सालों पहले शरीर में छोटे-छोटे बदलाव दिखने लगते हैं। ये संकेत अगर समय पर समझ लिए जाएं तो डॉक्टर की मदद से बड़ा खतरा टाला जा सकता है।

### परिवार का जटिल रिश्ता

पुलिस जांच में परिवार का जटिल रिश्ता भी सामने आया है। मृतक अनिल कपूर की पहली पत्नी कंचन की साल 2019 में मौत हो चुकी है। रितु कपूर अनिल की दूसरी पत्नी हैं। रितु के पहले पति वीरेंद्र की भी मौत हो चुकी है। रितु के तीन बच्चे हैं। दो बेटी और एक बेटा। एक बेटी हरियाणा में रहती है और बेटा दिल्ली में रहता है। अनिल के कोई संतान नहीं थी इसलिए मानसी को बचपन में ही रितु ने अपनी नंद कंचन और नंदोई अनिल को गोद दे दिया था। कंचन की मौत के बाद 2023 में रितु ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एलओसी का दौरा करेंगे गृह मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगले दो हफ्तों के भीतर देश के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान शाह स्थानीय अधिकारियों तथा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत करके सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे। शाह सोमवार को बीकानेर पहुंचेंगे, जहां वह मंगलवार को सांचू स्थित बीएसएफ की सीमा चौकी का दौरा करेंगे। वह 'प्रहरी सम्मेलन' में भाग लेंगे और महिला कर्मियों के लिए बैरकों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। दिन में इसके बाद वह बीकानेर में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीमा सुरक्षा की समीक्षा करेंगे।

## चिंतन

# अब अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो सप्ताह में करीब 7 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार भी अब दबाव महसूस कर रही है। हालांकि सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता पर बोझ सीमित रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ा दी हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव तथा युद्ध की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। सोमवार को युद्ध समाप्ति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी जरूर देखने को मिली, लेकिन रुपये पर दबाव अभी भी बना हुआ है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती। इसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से खाद्यान्न, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यानी महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आर्थिक संतुलन बनाए रखे और जनता के असंतोष को भी नियंत्रित करे। यही कारण है कि केंद्र सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। यदि तेल कंपनियों को लगातार घाटे में चलने दिया जाए तो आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि कीमतें बढ़ाने से जनता में नाराजगी का खतरा रहता है। इससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका रहती है। सप्लाई चेन बाधित होने की स्थिति में जरूरी वस्तुओं की कमी भी पैदा हो सकती है। इन परिस्थितियों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '3 एफ' यानी ईंधन (फ्यूल), उर्वरक (फर्टिलाइजर) और विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के रणनीतिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की प्राथमिकता विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचना निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है। असली चुनौती यह है कि वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक विकास की रफ्तार को कैसे बनाए रखा जाए। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं तो सरकार की कई विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। कुछ परियोजनाएं धीमी पड़ सकती हैं और कुछ में देरी होना स्वाभाविक है। निजी निवेश पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उद्योग जगत अनिश्चित माहौल में निवेश को लेकर सतर्क हो जाता है। खाड़ी संकट जल्द नहीं सुलझा तो जरूरी वस्तुओं की कमी हो सकती है और सप्लाई चेन बाधित हो सकती है। ऐसे में सरकार पूरी सावधानी के साथ कदम उठा रही है। देखा जाए तो देश में अभी तक कीमतें और उपलब्धता काफी हद तक नियंत्रण में हैं। लेकिन यह आगे नहीं बढ़ेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि खाड़ी संकट जल्द दूर होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा और आमजन को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी।



मुद्दा
डॉ. अश्विनी महाजन

# आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

**जब 10 मई, को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है।**

भारतीय रुपया लंबे समय से कमज़ोर हो रहा है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के ढाई महीने के बहुत कम समय में रुपये के मूल्य में आई हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण है। हालांकि, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, लेकिन यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि खाड़ी युद्ध की इस अवधि के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम हो गया है, और हमारा भंडार 27 फरवरी को 728.5 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है।

आम तौर पर, रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाज़ार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज़्यादा कुछ नहीं है; और अगर मुद्रा का मूल्य गिरता भी है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात और निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। उनका मानना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उनका मानना होता है कि इसका मूल्य ज़रूरत से ज़्यादा है, और इसलिए यदि रिज़र्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि ऐसा करने से आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग एक मज़बूत रुपये में विश्वास रखता है। उन्हें लगता है कि केवल एक मज़बूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, और ऋण सेवाओं (मूलधन और ब्याज की अदायगी), लाभांश, रॉयल्टी, वेतन और अन्य आय हस्तांतरणों के कारण होने वाले विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है। सत्ता की बागडोर संभालने से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तर्क देते रहे हैं कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही रुपये में गिरावट आई है, और इसलिए केवल सही नीतियों द्वारा ही समूह ही रुपये के अवमूल्यन को रोका जा सकता है। हालांकि, रुपये का मूल्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि सरकार चाहे कितनी भी मज़बूत क्यों न हो, वह कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती



है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने (अतीत में लिए गए ऋणों के मूलधन और ब्याज की वापसी), लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है; वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिज़र्व बैंक बाज़ार में हस्तक्षेप करता है और बाज़ार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपए में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है; लेकिन यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपए का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए आरबीआई को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाज़ार में डालने पड़ते हैं। इसलिए, यह खतरा बना रहता है कि यदि रिज़र्व बैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपए का मूल्य सुधारने के लिए, हमें इस घाटे के लिए ज़िम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच रुपए का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से अब तक, एक साल से कुछ अधिक समय में ही रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस अवधि के दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई 2026 तक के समय में हुई। मात्र ढाई महीने की छोटी सी अवधि में ही रुपए का मूल्य काफी गिर गया 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ, यह 91.1 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 95.5 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इससे नीति निर्माताओं में बड़ी चिंता व्याप्त है।

हम समझते हैं कि रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेज़ी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाज़ारों में भारी बिकवाली भी जारी है। भुगतान संतुलन का पहला हिस्सा वस्तुओं के व्यापार संतुलन से आता है। हम देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में, वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी और निर्यात में सुस्ती का रुझान काफी बढ़ा है। लेकिन साल 2025-26 के दौरान, आयात में अचानक तेज़ी देखी गई, जबकि निर्यात लगभग स्थिर रहा; इसके परिणामस्वरूप वस्तु व्यापार घाटा 50 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ गया, और 2024-25 के 283.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 333.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, घाटे में हुई इस भारी बढ़ोतरी की कुछ हद तक भरपाई सेवाओं के व्यापार में हुए अतिरिक्त अतिरेक से हो गई; यह अतिरेक 2024-25 के 188.8 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 213.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, यानी इसमें 25 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर हम भारत द्वारा आयात किए जाने वाले मुख्य सामानों पर नज़र डालें, तो उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, खाने का तेल, रासायनिक उर्वरक आदि शामिल हैं। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या की गंभीरता को देखते हुए, देश के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्र को संकीर्ण राजनीतिक विमर्शों से ऊपर उठकर तेजी से कदम उठाने होंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## मंथन
विवेक मिश्रा



# साझा परिवहन जैसे प्रयोगों से ही होगी ईंधन की बचत

वैश्विक अर्थव्यवस्था को दलदल में घसीट रहे, पश्चिम एशिया के संघर्ष से, भारत जैसे प्रगतिशील देश अछूते रह सकें, यह संभव नहीं है। ऊर्जा की नश्वर तैलीय तमन्नाओं के उन्माद ने तरक्की पसंद मुल्कों की सरल राहों को रोका है। अतिवाद और तेलीयकरण के परिवेश में शांति प्रयासों की कोई सुबह होती नहीं दिख रही है, बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल की कीमतें इस वास्तविकता की पुष्टि कर रहीं हैं। ऐसे संकटकाल में प्रधानमंत्री की देशवासियों से उपयोग व उपभोग में संयम बरतने की अपील, धैर्य की सभी कसौटियों को कसने के बाद ही की गई होगी, हम यह मानकर चलें। राजनीतिक दृष्टि से इस अपील की गहन गवेषणा की जा सकती है। इस एवज में कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 85% विदेशों से आयात करते है, जिसमें फारस की खाड़ी वाले मार्ग का हिस्सा 35% है। चीन के बाद गोल्ड का सबसे बड़ा उपभोक्ता भारत है और यह भी आयात पर ही निर्भर है। इस तरह ईंधन और स्वर्ण आभूषण से दबी भारतीय अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर बहुत निर्भर करती है, जंग से निर्मित हालातों में बढ़ती कीमतों और हमारी मांगों से विदेशी मुद्रा भंडार के तेजी से कम होने का खतरा बढ़ रहा है, जनवरी की तुलना में मई 2026 में यह लगभग 723 बिलियन डॉलर से 690 बिलियन डॉलर पर आ चुका है। इन परिस्थितियों में संयम के संयुक्त प्रयत्नों से ही हम भारत के प्रगति पथ को निर्बाध संचालित रख सकते हैं। संयुक्त प्रयास इसलिए महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह हम 140 करोड़ भारतीयों के दैनंदिन व्यवहार और बरतने की आदतों से जुड़ा विषय है। प्रयासों के इस क्रम में नेतृत्व कर्ताओं द्वारा अपने काफिलों से कमोबेश पचास प्रतिशत वाहन कम करने की बात कही गई है, जिसकी पालना फिलहाल कई माननीयों के द्वारा सड़कों पर किए गए वाहन शक्ति प्रदर्शन में देखने को नहीं मिल सकी, हालांकि केंद्रीय व शीर्ष नेतृत्व सराहनीय रूप से प्रयास कर रहे हैं । निजी क्षेत्र जरूर अपने सशक्त तकनीकी ढांचे के दम पर वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को तुरंत मूर्तरूप दे सकते हैं। सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक व साझा परिवहन से जोड़कर इच्छित परिणाम हासिल किए जा सकते है। अधिकांशतः सभी सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन लगाए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाशों की अवधि भी 1980 से 2010 तक 2 माह तक हुआ करती थी , यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आने वाले 1 वर्ष के लिए यदि 5 दिवसीय व्यवस्था और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है, तो कुछ चमत्कृत परिणाम हासिल हो सकते है। एक प्रयोग मॉडल के तरह हम इस पर विमर्श कर सकते हैः- इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के हिसाब से देशभर के 10 लाख सरकारी स्कूलों में 51 लाख सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। यदि यह सभी शिक्षक बाइक साझा कर अपने अपने घरों से स्कूल आने जाने के लिए कम से कम 10 किलोमीटर का सफर भी तय करते हैं, तो एक मोटरसाइकिल से दो शिक्षकों को 200 एम.एल. पेट्रोल की जरूरत होती है। वहीं देशभर के शिक्षकों के साथ ईंधन की यह खपत 510000 लीटर /प्रतिदिन हो जाती है। पेट्रोल की इस खपत को यदि अगले एक वर्ष के लिए फाइव डे वर्किंग मॉडल और 2 महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जोड़ दें (मौजूदा 1 माह के अवकाश से 30 दिन अधिक) तो कुल 39,780,000 लीटर पेट्रोल की बचत की जा सकती है। इतने मात्रा के पेट्रोल को परिष्कृत करने में लगने वाले कच्चे तेल की तादाद 86,478,261 लीटर या 77,698 मीट्रिक टन हो जाती है। (1 लीटर कच्चे तेल से लगभग 450 एम.अल. पेट्रोल का उत्पादन होता है।) आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 478 करोड़ रुपये होगी। हालांकि यह तथ्य भी स्पष्ट करना जरूरी है, कि भारत में कच्चे तेल की प्रतिदिन खपत 7,50,000 मीट्रिक टन है,अर्थात वर्षभर किए गए इन तमाम प्रयासों के बाद भी हम एक दिन की खपत का केवल 10% प्रतिशत ही कच्चा तेल बचा सकेंगे, जो देश में मात्र ढाई घंटे की आपूर्ति को पूरा करेगा। प्रथम दृष्टया इस प्रयोग का सीमित प्रभाव क्षेत्र हमें हताशा से भर सकता है, किंतु यह ध्यान रखना होगा कि यह 51 लाख सरकारी शिक्षकों के साथ किया गया प्रयोग है और यह भारत की कुल जनसंख्या का मात्र 0.36% प्रतिशत है। इस मॉडल को स्कूलों में पढ़ने वाले 25 करोड़ विद्यार्थियों की संख्या के अनुपालन से और प्रधानमंत्री के 140 करोड़ भारतीयों से किए गए आग्रह के अनुशासन से जोड़ दिया जाए, तो अगले एक वर्ष में जो परिणाम हम हासिल करेंगे, वह प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रभावना के अप्रतिम रोमांच से भर देगा।

( लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिवत्व की साधना



संकलित
**दर्शन**

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व गंगा दशहरा


भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन, चेतना और मोक्ष का स्रोत माना गया है। इनमें भी मां गंगा का स्थान सर्वोच्च है। करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि सनातन सभ्यता की आत्मा हैं। हिमालय की गोद से निकलकर मैदानों को जीवन देने वाली गंगा सदियों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, कृषि, साहित्य और लोकजीवन की धुरी रही है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा दिव्य चेतना और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का महापर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। इस बार यह पर्व अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों में आया है। यह आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है।

*– विवेक पटेरिया, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में कानून-व्यवस्था बनाने भारत ने दिए 134 पुलिस वाहन


भारत ने सोमवार को कोलंबो में राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित समारोह में श्रीलंका को 134 पुलिस वाहन सौंपे, जिसे दोनों देशों के बीच 'बहुआयामी विकास साझेदारी' में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इस सौदे से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिसंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीलंका पुलिस को 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से खरीदे गए 134 वाहन सौंपे गए।' उन्होंने बताया कि श्रीलंका पुलिस के अनुरोध पर की गई यह पहल सड़क सुरक्षा, नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगी। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि इस बेड़े की सुपुर्दगी भारत और श्रीलंका के बीच सभी प्रमुख क्षेत्रों में जारी बहुआयामी विकास साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रपति दिसानायके के अलावा श्रीलंका के सुरक्षा मंत्री आनंद विजेपाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रियंत वीरसुरिया भी समारोह में मौजूद थे।




## ऑफ बीट

# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम


त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



## X ट्रेंड f

### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

भीषण गर्मी को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नीट परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों व सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय शिक्षा मंत्री



### देश में इबोला का केस नहीं

सभी अधिकारी देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और भूमि सीमा पार करने सहित देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह से सतर्क और मजबूत रखें। अभी देश में इबोला का कोई केस नहीं है यह राहत वाली बात है। **-जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### एक और संस्था धांधली का प्रतीक

मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ्ते से ओएसएम गलत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष



### भारत में कम बढ़ोतरी

नेता विपक्ष राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया भर में तेल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है, हालांकि, इसकी तुलना में भारत में कीमतों में हुई बढ़ोतरी मामूली रही है, विशेष रूप से तब जब इसे अमेरिका, ब्रिटेन और खाड़ी देशों में हुई वृद्धि के साथ देखा जाए। **-गौरव भाटिया,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**सुप्रीम कोर्ट ने किया तत्काल सुनवाई से इंकार कहा- इतना भावुक मत होइए**

# कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ उठी सीबीआई जांच की मांग

## जनहित याचिका में न्यायपालिका की छवि धूमिल करने का आरोप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया अभियान हाल ही में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी न्यायपालिका की छवि धूमिल कर रही है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वीएम पंचोली की पीठ ने कहा, 'इसे इतने भावनात्मक तरीके से मत लीजिए।' एक अन्य वकील ने अदालत से कहा कि याचिकाकर्ता फर्जी वकील डिग्री के मुद्दे की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में हुई टिप्पणियों और बहस का व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया, 'इतनी गंभीर तात्कालिक जरूरत नहीं है। हम इस पर विचार करेंगे।'




**याचिका में क्या मांग की गई :** अधिवक्ता राजा चौधरी ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। याचिका में इस डिजिटल अभियान से जुड़े लोगों के कथित फर्जी वकील होने और नकली कानून डिग्रियों की जांच की मांग की गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट की हालिया सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियों का कथित तौर पर व्यावसायिक इस्तेमाल और सोशल मीडिया पर मॉनेटाइज्ड प्रसार किया जा रहा है जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए। 'कॉकरोच जनता पार्टी' इसी महीने एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन अभियान के रूप में उभरी जिसने खासकर युवाओं के बीच सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रियता हासिल की।

### क्यों शुरू हुआ डिजिटल अभियान

इस अभियान की शुरुआत 15 मई को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद हुई थी। उस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बेरोजगार युवा वकीलों के पेशे से दूर होकर सोशल मीडिया और आरटीआई एक्टिविज्म की ओर जाने पर चिंता जताई थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था, 'कुछ युवा कॉकरोच की तरह हैं, जिन्हें पेशे में रोजगार नहीं मिल रहा। कोई सोशल मीडिया पर है तो कोई आरटीआई एक्टिविस्ट बन गया है।' बाद में सीजेआई ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी आम बेरोजगार युवाओं के लिए नहीं थी बल्कि उन लोगों के लिए थी जो फर्जी डिग्री और नकली योग्यताओं के जरिए पेशे में प्रवेश कर रहे हैं।

### सीजेपी संस्थापक के घर पर पुलिस का पहरा

पुलिस ने रविवार को अभिजीत दिपके के घर पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। अधिकारियों ने बताया कि अभिजीत दिपके के छत्रपति संभाजीनगर स्थित घर पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात की गई है, जहां उनके माता-पिता रहते हैं। अभिजीत दिपके अमेरिका के बोस्टन में पढ़ाई कर रहे हैं। डीसीपी अतुलकर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'हमने एमआईडीसी वालुज क्षेत्र में स्थित अभिजीत दिपके के आवास को चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा प्रदान की है। यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि उनके घर पर भीड़भाड़ न हो, क्योंकि मुख्य न्यायाधीश का मुद्दा इस समय सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है।'

### 21 मई को हुआ था एक्स अकाउंट बंद नए अकाउंट पर 2.27 लाख फॉलोअर्स

सीजेपी का एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया था। जब पुराना अकाउंट बंद हुआ, तब 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। संगठन ने कुछ देर बाद नया अकाउंट बनाया। इसका नाम 'कॉकरोच इज बैक' रखा गया और बायो में लिखा- कॉकरोच डोंट डाय यानी कॉकरोच मरते नहीं। 25 मई दोपहर 1.30 बजे तक नए एक्स अकाउंट पर 2.27 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेपी के इंस्टाग्राम और एक्स पर ही अकाउंट हैं।

### सीजेपी की वेबसाइट अब तक है बंद

अभिजीत ने 24 मई को बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा था- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### असम विस में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश

**गुवाहटी।** असम विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) बिल सोमवार को पेश किया गया। इसे पटल पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने रखा। इस बिल को दो हफ्ते पहले कैबिनेट से मंजूरी मिली थी। इस बिल पर 27 मई को चर्चा होगी। यदि यह बिल पारित हो जाता है, तो असम देश का तीसरा ऐसा राज्य बन जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड और गुजरात ऐसा कर चुके हैं।



### पीएम का बेंगलुरु दौरा 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**बेंगलुरू।** 10 मई को बेंगलुरु के बाहरी इलाके में 'आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले जिलेटिन स्टिक मिलने के मामले में छह पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन पर ड्यूटी में लापरवाही का आरोप है। बेंगलुरु साउथ के एसपी आर श्रीनिवास गौड़ा ने एक सब-इंस्पेक्टर, एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और चार कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया। जांच के दौरान, एक पुलिस कॉन्स्टेबल को सर्किट और टाइमर लगी जिलेटिन स्टिक मिलीं। इस जानकारी के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) हरकत में आई और जांच में शामिल हो गई।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के 4 कैडर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पाम्बेई) यानी यूएनएलएफ(पी)के चार संदिग्ध कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए। इंफाल ईस्ट के एसपी शिवानंद सुरवे ने बताया कि 20 मई को लामशांग इलाके में लूटे गए हथियारों और गोला-बारूद की बिक्री की सूचना मिलने के बाद यह विशेष अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने लामदेंग इलाके में छापेमारी कर यूएनएलएफ(पी)के दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया।



### शांति समझौते की चर्चा के बीच ईरान की दो टूक

# 'अमेरिका का व्यवहार असंगत, समझौते को अंतिम रूप देने का समय तय नहीं'

*अमेरिका ईरान जंग में न जाने और कितने मोड़, कितने अगर-मगर बाकी हैं। दोनों देशों के बीच शांति समझौते को लेकर चल रही बात अब भी सिरे लगती नजर नहीं आ रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के साथ जारी बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। लेकिन किसी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अभी कोई समय तय नहीं किया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बघाई ने यह जानकारी दी। बघाई ने कहा कि कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि समझौता जल्द होने वाला है। अमेरिका का राजनीतिक व्यवहार लगातार असंगत है।*

### इधर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी दिखाया अलग रुख, धमकी भी दी



एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि संभावित 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन में चर्चा किए गए कई विषयों पर निष्कर्ष निकाले गए हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मध्य पूर्व युद्ध को समाप्त करने का समझौता जल्द ही होने वाला है। ईरानी प्रवक्ता बघाई ने कहा कि वाशिंगटन के भीतर कुछ ही घंटों में बदलने वाले विरोधाभासी रुख से वार्ता जटिल हो जाती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यवस्थित नहीं है। उन्होंने अमेरिका में हो रहे इस्तीफों, संसद में विरोध, जनमत और अंदरूनी मतभेदों का भी जिक्र किया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस स्थिति से कुछ बाहरी ताकतों, खासकर इस्राइली पक्ष, को प्रभाव डालने का मौका मिल रहा है। बातचीत की समयसीमा पर उन्होंने कहा कि कोई अंतिम समयसीमा तय नहीं की गई है। ईरान का लक्ष्य अपने राष्ट्रीय हितों और अधिकारों की रक्षा करना है। अंतिम नतीजे की घोषणा तभी की जाएगी, जब समझौता पूरा हो जाएगा। साठ दिनों के रोडमैप को लेकर उन्होंने कहा कि इस दौरान कुछ मुद्दों पर चर्चा की योजना है, जिनमें परमाणु से जुड़ा मुद्दा भी शामिल है। लेकिन फिलहाल ईरान परमाणु विवरणों पर चर्चा नहीं कर रहा है।

### या तो बेहतरीन समझौता होगा, या फिर नहीं होगा कोई समझौता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर काफी हद तक बातचीत हो चुकी है। जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना भी शामिल है। ट्रंप के अनुसार, औपचारिक घोषणा से पहले समझौते के अंतिम विवरण पर चर्चा चल रही है। लेकिन अब ट्रंप ने अलग बात की है। पश्चिम एशिया संकट और ईरान से बातचीत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता या तो एक बेहतरीन समझौते जैसा सार्थक होगा, या फिर किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होगा। बता दें कि ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने सोमवार को अपने तीन साल पुराने युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में तत्काल सफलता की उम्मीदों को कम करके आंका है। इसमें शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा है कि वाशिंगटन या तो एक अच्छा समझौता करेगा या देश के साथ 'किसी अन्य तरीके से निपटेगा।

#### ओबामा प्रशासन का किया जिक्र

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'ईरान के साथ समझौता या तो बहुत अच्छा और सार्थक होगा, या फिर कोई समझौता नहीं होगा। यह ओबामा प्रशासन की विफलताओं के कारण हुए जेसीपीओए की आपदा के बिल्कुल विपरीत होगा, जो ईरान के लिए परमाणु हथियार बनाने का सीधा और खुला रास्ता था।' ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति ओबामा पर निशाना साधते 2015 के उस समझौते का जिक्र किया जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है, जिसके तहत ईरान के परमाणु संवर्धन को सीमित करने के बदले प्रतिबंधों में राहत दी गई थी।

*पलानीस्वामी के लिए एक और बुरी खबर*

# एआईडीएमके को झटका 3 विधायक सीएम विजय की पार्टी में हुए शामिल



एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में एआईडीएमके को बड़ा झटका लगा है। चुनावों में मिली करारी हार के बाद पार्टी पहले ही अंदरूनी कलह से जूझ रही थी और अब उसके तीन विधायकों ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके का दामन थाम लिया है। एआईडीएमके विधायक मरगथम कुमारवेल, जयकुमार और सत्यभामा ने तमिलनाडु विधानसभा स्पीकर जेसीडी प्रभाकर से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके तुरंत बाद तीनों विधायक तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) सरकार में मंत्री आधव अर्जुन से मिलने उनके दफ्तर पहुंच गए। इसके बाद साफ हो गया कि तीनों नेताओं ने एआईडीएमके छोड़कर विजय की पार्टी टीवीके जॉइन कर ली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया, जब दो हफ्ते पहले ही सीवी शनमुगम के नेतृत्व में 25 विधायकों ने टीवीके सरकार को समर्थन दिया था। एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली एआईडीएमके से अलग होने वाले ये तीनों विधायक उसी बागी गुट का हिस्सा बताए जा रहे हैं। दरअसल, 13 मई को हुए फ्लोर टेस्ट के दौरान इन विधायकों ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए टीवीके सरकार के समर्थन में वोट दिया था।

#### लगातार खींचतान जारी

तमिलनाडु की राजनीति में यह घटनाक्रम इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि विजय की टीवीके लगातार विपक्षी दलों के नेताओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में लगी हुई है। दूसरी तरफ एआईडीएमके चुनावी हार के बाद संगठनात्मक संकट और अंदरूनी खींचतान से जूझती नजर आ रही है।

**पाक में दो बस की टक्कर बांग्लादेश में ट्रक पलटा**

# पाकिस्तान, बांग्लादेश में बड़ा सड़क हादसा, गई 32 की जान

एजेंसी ▸▸ पेशावर

पड़ोसी पाकिस्तान और बांग्लादेश में दो सड़क हादसों में 32 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में सोमवार को एक तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे खड़ी एक मोटरबस से टकरा गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मरदान जिले के स्वात एक्सप्रेसवे पर हुई। पुलिस के अनुसार, यात्री बस सड़क किनारे खड़ी एक अन्य बस से टकरा गई, जो किसी यांत्रिक खराबी के कारण वहां खड़ी थी। इस दुर्घटना में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि खड़ी बस के जनरेटर में खराबी आ गई थी, जिसके कारण उसे सड़क के किनारे रोकना पड़ा, तभी तेज रफ्तार बस ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है, जबकि बचाव दल घटनास्थल पर राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। बस यात्रियों को लेकर स्वात घाटी जा रही थी।



### त्यौहार मनाने जा रहे थे घर, गंवाई जान

ढाका। मध्य बांग्लादेश के एक प्रमुख राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक ट्रक पलट गया, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया, मृतक ईद अल-अजहा के अवसर पर छुट्टियां मनाने घर जा रहे थे। यह जानकारी दी। स्थानीय अग्निशमन केंद्र के प्रभारी अताउर रहमान ने पत्रकारों को बताया, 'यह दुर्घटना जमुना पुल के पूर्वी हिस्से में हुई, जो उत्तर-पश्चिमी बांग्लादेश को मध्य भाग से जोड़ता है।' उन्होंने कहा कि आसपास के इलाकों के लोगों की मदद से 10 घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार, लॉरी में लोहे की छड़ों के साथ-साथ कुछ यात्री भी सवार थे। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और मध्य बांग्लादेश के तंगेल जिले के कालीहाटी उप-जिले में यह पलट गया।

**भेजी गई 6 दिन की सीबीआई हिरासत में**

# नीट पेपर लीक मामले में खुलासा, पुणे की प्रिंसिपल ने पैसों के लिए बांटे सवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ा खुलासा किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक पुणे के एक स्कूल की प्रधानाचार्य मनीषा संजय हवलदार ने पैसों के बदले छात्रों तक परीक्षा से जुड़े सवाल और सामग्री पहुंचाई। सीबीआई ने अदालत को बताया कि मनीषा हवलदार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए में अपने काम के दौरान प्रश्नों से जुड़े हस्तलिखित नोट तैयार किए थे और बाद में उन्हें कुछ लोगों तक पहुंचाया गया। इस मामले ने एक बार फिर देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीबीआई ने पुणे की अदालत में कहा कि मनीषा हवलदार ने वनस्पति विज्ञान की शिक्षिका मनीषा मांढरे के साथ मिलकर कुछ छात्रों को पैसे लेकर परीक्षा संबंधी प्रश्न और सामग्री उपलब्ध कराई। जांच एजेंसी के अनुसार मनीषा हवलदार नीट-यूजी 2026 के लिए भौतिकी विषय के अनुवादक पैनल में शामिल थीं। आरोप है कि उन्होंने अपने काम के दौरान प्रश्नों से जुड़े नोट तैयार किए और उन्हें अपने पास सुरक्षित रखा। बाद में इन्हीं नोट्स का इस्तेमाल छात्रों तक परीक्षा सामग्री पहुंचाने के लिए किया गया।



### छात्रों तक कैसे पहुंचाए गए सवाल?

जांच में सामने आया है कि परीक्षा से पहले प्रश्न और सामग्री व्हाट्सएप और प्रिंटआउट के जरिए कुछ छात्रों तक पहुंचाई गई। सीबीआई के मुताबिक मनीषा हवलदार ने स्वीकार किया है कि उन्होंने भौतिकी के प्रश्न एक छात्र और मनीषा मांढरे के साथ साझा किए थे। मनीषा मांढरे पुणे के मॉडर्न कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में वनस्पति विज्ञान की व्याख्याता बताई जा रही हैं। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे और कितने छात्रों को इसका फायदा पहुंचाया गया।

### हवलदार को किया गया था 22 मई को गिरफ्तार

दिल्ली की एक अदालत ने नीट पेपर लीक मामले में पुणे स्थित भौतिकी की व्याख्याता मनीषा संजय हवलदार को सोमवार को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने आरोपी से हिरासत में पूछताछ के अनुरोध वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका को स्वीकार कर लिया। सीबीआई ने हवलदार को 22 मई को गिरफ्तार किया। हवलदार को तब ट्रांजिट रिमांड पर अदालत के समक्ष पेश किया गया था। सीबीआई के अनुसार, पुणे के सेठ हीरालाल सर्राफ प्रशाला में कार्यरत हवलदार एक अन्य प्रमुख आरोपी है जिसे नीट-यूजी 2026 के भौतिकी के प्रश्नों के लीक का स्रोत माना जा रहा है।

**पूरी इंडस्ट्री से बोला गया अब रणवीर के साथ न किया जाए काम**

# डॉन 3 छोड़ना पड़ा महंगा! रणवीर अब बॉलीवुड में बैन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉलीवुड के उभरते सितारे माने जाने वाले रणवीर सिंह के खिलाफ फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई (एफडब्ल्यूआईसीआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। एक्टर पर एफडब्ल्यूआईसीआई ने बैन लगा दिया है। ये फैसला फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 शूटिंग से कुछ दिन पहले अचानक छोड़ने की वजह से लिया गया है। उनके खिलाफ नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव जारी कर दिया गया है। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री को ये निर्देश दिया गया है कि जब तक रणवीर, डॉन 3 के मेकर्स के 45 करोड़ के नुकसान का समाधान नहीं निकाल लेते तब उनके साथ काम नहीं किया जाए।



**और भी वजहों से टलती रही डॉन 3 -** फिल्म डॉन 3 पिछले कई सालों से अलग-अलग वजहों से टल रही है। रणवीर के अलावा इस फिल्म को पहले कियारा आडवाणी ने छोड़ा था। उन्होंने प्रेग्नेंसी के कारण इस प्रोजेक्ट से किनारा किया। फिर खबर आई कि विक्रांत मैसी, जो मेन विलेन बनने वाले थे वो भी फरहान की फिल्म छोड़कर चले गए। लेकिन ये विवाद तभी बढ़ा, जब रणवीर ने फिल्म छोड़ी।


**रणवीर ने किया था ईमेल**

एफडब्ल्यूआईसीआई की तरफ से ये भी कहा गया कि शिकायत मिलने के बाद हर 10 दिन में तीन बार रणवीर सिंह को नोटिस भेजा गया था। लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इसलिए प्रेस कांफ्रेंस करने की बात कही गई जिससे इंडस्ट्री को उनके फैसले के बारे में पता हो। इसके बाद रणवीर सिंह की तरफ से एक ईमेल आया जिसमें ये कहा गया था कि ये मामला एफडब्ल्यूआईसीआई का नहीं है इसलिए वो दखल न दें। इसके बाद एफडब्ल्यूआईसीआई ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर इस मामले में अपना फैसला सुनाया। डॉन 3 फिल्म पहले से ही काफी देरी का सामना कर रही थी और अपनी बड़ी-बड़ी सितारों वाली कास्टिंग की वजह से लोगों में खूब चर्चा में है। पहले बताया गया था कि एफडब्ल्यूआईसीआई के प्रेजिडेंट बीएन तिवारी, चीफ एडवाइजर अशोक पंडित, चीफ सेक्रेटरी अशोक दुबे और ट्रेजरर गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव एक जरूरी इंटरनल मीटिंग में शामिल होने वाले थे। मीटिंग के बाद फेडरेशन के फैसले की घोषणा करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होने की उम्मीद थी।

### जेएनयू में पीजी, 15 जून तक करें रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** देश की टॉप यूनिवर्सिटी में शामिल जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी ने एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए पीजी और एडीओपी कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से सोमवार (25 मई 2026) को दाखिला प्रक्रिया शुरू किए जाने की अधिसूचना जारी की। इच्छुक और पात्र स्टूडेंट्स 25 मई से लेकर 15 जून 2026 के बीचआधिकारिक पोर्टल jnuee.jnu.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी के प्रोस्पेक्टस के मुताबिक, जो कैंडिडेट इस साल कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पोस्टग्रेजुएट (सीयूईटी पीजी) 2026 में बैठे थे, वे अब ऑफिशियल एडमिशन पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### धार के भोजशाला में बनेगा सरस्वती लोक



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को धार पहुंचे। उन्होंने ऐतिहासिक भोजशाला में मां वाग्देवी के दर्शन-पूजन किए। यहां सरस्वती लोक और भोज शोध संस्थान बनाने की ऐलान किया। उन्होंने भोजशाला आंदोलन में शहीद हुए तीन बलिदानियों लक्ष्मण सिंह पंचघाटी, बनसिंह अमझेरा, अंतर सिंह के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। भोज शोध संस्थान बनाने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि 'साढ़े सात सौ साल के संघर्ष के बाद भोजशाला को लेकर जो निर्णय आया है, उसके लिए धारवासी बधाई के पात्र हैं।'

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

क्र.10/न.पा.नि./जोन क्र.03/2026-27 दिनांक 25/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 16/06/2026 को सायंकाल 4:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है:—

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 स्वामी विवेकानंद भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 8.00 | 6000 | 750 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.03
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



### श्रीराम प्रॉपर्टीज का लाभ बढ़कर 65 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78.53 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह लाभ आवास क्षेत्र की मजबूत मांग के बीच बढ़ती आय से अर्जित किया जा सका है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 47.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

# कर्मचारियों की सैलरी से महंगा पड़ रहा एआई, कंपनियां को लगने लगा डर

## इंजीनियरों के दिन-रात टूल इस्तेमाल से आए बिल से कंपनियां हलाकान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले दो सालों से पूरी दुनिया की टेक इंडस्ट्री में सिर्फ एक ही बात का शोर है। हर कोई कह रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आने से कंपनियों का काम बहुत आसान हो जाएगा, कर्मचारियों पर निर्भरता कम होगी और कंपनियों का खर्च भारी मात्रा में घट जाएगा। शेयर बाजार को भी यह कहानी इतनी पसंद आई कि जिस भी कंपनी ने एआई अपनाने, छंटनी करने या ऑटोमेशन की बात की, उसके शेयरों की कीमतें अचानक आसमान छूने लगीं। लेकिन अब जब दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने इसे हकीकत में बड़े पैमाने पर लागू करना शुरू किया है, तो इसके नतीजे उम्मीद से बिल्कुल अलग और चौंकाने वाले आ रहे हैं। हालांकि, इसे एआई पर बैन लगाना कहना पूरी तरह सही नहीं है। ज्यादा सटीक बात यह है कि कंपनी ने वेंडर कंसोलिडेशन किया। बाहर के महंगे टूल की जगह अपने कंट्रोल वाले टूल्स को प्राथमिकता दी, ताकि खर्च को रोका जा सके।

### खुद के सस्ते टूल पर शिफ्ट किया

जब हजारों इंजीनियर दिन-रात इस टूल का इस्तेमाल करने लगे, तो इसका कुल खर्च माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनी के लिए भी एक बड़ा सिरदर्द बन गया। नतीजा यह हुआ कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपने इंजीनियरों को इस महंगे टूल से हटाकर अपने ही खुद के सस्ते एआई टूल्स और गिटहब कोपायलट स्टैक पर शिफ्ट करने का फैसला किया।



### टूल इस्तेमाल करने का बिल ही भारी भरकम

अब टेक जगत के बड़े एक्सपर्ट्स यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या एआई वाकई कंपनियों का खर्च बचा रहा है, या फिर यह खुद में एक बहुत बड़ा और अनियंत्रित खर्च बनता जा रहा है? माइक्रोसॉफ्ट ने अपने हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कोडिंग, सॉफ्टवेयर की कमियां सुधारने मतलब डिबगिंग और कोड रिव्यू जैसे कामों के लिए 'क्लाउड कोड' एआई टूल के इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। यह टूल काफी पावरफुल है।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्रमांक 02**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित नि.आ.सू. क्रमांक 02/वलेलि / 26-27 सिस्टम निविदा क्र. 190888 (प्रथम आमंत्रण) (जी-नंबर 262700736) दिनांक 13.05.2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| Sl. No. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Bid Download Start Date & Time **25.05.2026 at 17:31 Hours** |
| 2 | Last Date & Time for Online Submission of Tender **15.06.2026 up to 17:30 Hours** |
| 3 | Bid Opening Date & Time **25.06.2026 at 11:30 Hours** |

उपरोक्त संशोधन का विवरण छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर ऑनलाइन भी देखा जा सकता है।
टीप:- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**
जी. 262700979/5


# वित्त मंत्री ने 'ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा' पर ध्यान देने की आवश्यकता पर दिया बल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत समेत मितव्ययिता के अन्य उपायों के आह्वान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा... इन तीन मुख्य कारकों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। सीतारमण ने यहां सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) के 37वें स्थापना दिवस समारोह में प्रधानमंत्री की अपील के बाद नकारात्मक और निराशावादी विमर्श गढ़ने वालों पर भी निशाना साधा और और कहा कि इस समय भारत भय फैलाने का जोखिम नहीं उठा सकता। वित्त मंत्री ने कहा कि यह संकट बाहरी घटनाओं के कारण उत्पन्न हुआ है और घरेलू अर्थव्यवस्था सकारात्मक तथा मजबूत बनी हुई है।

■ किया प्रधानमंत्री के मितव्ययिता के आह्वान का बचाव



### बैंकों से कर्ज विकल्प विकसित करने का आग्रह

सीतारमण ने बैंकों से मानक ऋण उत्पादों से आगे बढ़कर ऐसे कर्ज विकल्प विकसित करने का आग्रह किया जिनकी अदायगी संबंधित कारोबार की जरूरतों एवं आय चक्र के अनुरूप हो। उन्होंने कहा, ''सिडबी और प्रत्येक बैंकों के लिए मेरा संदेश है कि गैर-मानक कारोबार के लिए एक ही तरह के ऋण उत्पाद उपयुक्त नहीं हो सकते हैं।'' वित्त मंत्री ने कहा, ''मानक ऋण उत्पाद गैर-मानक कारोबार के लिए काम नहीं कर सकते।

### कार्यों से लोगों को विश्वास दिलाना होगा

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील के बाद आदतन आलोचना करने वाले लोगों ने एक नकारात्मक और निराशावादी विमर्श गढ़ा है। ऐसी टिप्पणियां तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

### सब कुछ बिखरने की बात गलत

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की नीति को घरेलू वृद्धि को बनाए रखने के लिए सूझ-बूझ के साथ तैयार किया गया है। डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से राजस्व पर एक लाख करोड़ रुपये का असर होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद कुछ आलोचक इस बहस में कूद पड़े हैं। वे दावा कर रहे हैं सब कुछ 'बिखर' रहा है, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है।


**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा)**
**जिला:-कबीरधाम छ.ग.**

क्रमांक/810/मबावि/नबि/2026 कबीरधाम, दिनांक 22/05/2026

**जिला महिला शक्तिकरण केन्द्र (मिशन शक्ति) अंतर्गत आई.टी. असिस्टेंट की संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र में आई.टी. असिस्टेंट पद (अनारक्षित) पर संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियो से आवेदन आमंत्रित हैं:-

| क्र. | पद का नाम | योग्यता | आवेदन करने की अंतिम तिथि | विज्ञापन की विस्तृत जानकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई.टी. असिस्टेंट | * कम्प्यूटर/आई.टी. क्षेत्र में स्नातक उपाधि * कम्प्युटर का अच्छा ज्ञान, जिसमें एम.एस. ऑफिस एवं कम्प्युटर टाईपिंग में कार्य करने की क्षमता। * डाटा प्रबंधन/प्रोसेस डॉक्यूमेंटेशन, वेब आधारित एवं वेबबेस्ड रिपोर्टिंग फार्मेट में कार्य करने का शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कम से कम 03 वर्षों का अनुभव। | इच्छुक आवेदको कें आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट/कोरियर से दिनांक 23.06.2026 सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम में प्राप्त हो जाना चाहिए | विस्तृत जानकारी एवं आवेदन के प्रारूप हेतु www.kawardha.gov.in में में अपलोड तथा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। |

टीप:- विस्तृत जानकारी www.kawardha.gov.in में देखा जा सकता हैं।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला-कबीरधाम छ.ग.**
जी-262700992/2



**प्रारूप-एक**
**(नियम 11 देखिये)**
**कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं**
**पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात

| जिला | तहसील | ग्राम/ नगर | क्षेत्रफल (हे.) में | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| रायगढ़ | रायगढ़ | छुहीपाली | 0.216 | छुहीपाली से राजघाट मार्ग निर्माण कार्य |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक-02/06/2026 को (समय) 11:00 बजे (स्थान) पंचा. भवन छुहीपाली पर नियत की गई है।

प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है:-
(एक) लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण:- छुहीपाली से राजघाट मार्ग निर्माण हेतु
(दो) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या:- 13
(तीन) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या: निरंक
(चार) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या:- निरंक
(पाँच) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या:- निरंक
(छ:) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ? हों
(सात) क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है? हॉ।
(आठ) परियोजना की कुल लागत:- 211.71 लाख।
(नौ.) परियोजना से होने वाले लाभ:- आवागमन हेतु पहुंचमार्ग का निर्माण
(दस) प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय :-05 लाख।
(ग्यारह) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक :- निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहीत तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहीत तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**
**कलेक्टर रायगढ़ (छ.ग.)**
जी. 262700977/1


### दीर्घावधि की वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही ईजमाई ट्रिप

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच ईजमाई ट्रिप दीर्घावधि की वृद्धि, संचालन में मजबूती और अपने यात्रा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा कि भारतीयों में घरेलू पर्यटन को लेकर जबर्दस्त रुचि देखने को मिल रही है और कंपनी की करीब 90 प्रतिशत आय घरेलू यात्रा से आती है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय यात्री सांस्कृतिक, धार्मिक, अनुभव आधारित और क्षेत्रीय पर्यटन की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। लोगों की रुचि अब सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे देश के अलग-अलग हिस्सों की संस्कृति और विरासत को भी करीब से देखना चाहते हैं।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 1040/निर्माण/2026 दिनांक 19.05.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निगम के विभिन्न उद्यानों के मरम्मत एवं रखरखाव हेतु वार्षिक दर निर्धारण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 100.00 | 10.06.2026 (T.No.191315) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
**(A Goverminent of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001: 2015 Certified)**
1st Floor. Udyog Bhawan, Ring Road No. 1. Telibandha. Raipur(C.G.)-492006 CIN:U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N57Y Phone: 0771-6621000 Fax 0771-2583794
Website: www.csidc.in. Email address:csidc.cg@nic.in. csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (2nd call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 18/CSIDC/E.E.-1/Division-1/2026-27/191512 Raipur, dated 22/05/2026

Online (Percentage Basis) tenders in Form-A are invited from contractors registered in Class-C & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov in at appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of work | Registered Contractor in CG PWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Up gradation of Existing 30m & 24m wide BT roads including Street Light at I/A Silpahri, Distt. Bilaspur (C.G.) | C& Above | 03 Months i/c rainy season | 195.59 Lacs | 1,47,000/- | 3540/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 22/05/2026 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper
NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in 2) Tenderer may contact to E.E. Div-I. CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S-47921 **Executive Engineer, Division-1**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**
दूरभाष - 07836 -232255, ईमेल:-ee-res.baikunthpur@nic.in

**ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 943/वलेस/ग्रा.यां.से./2026 बैकुन्ठपुर दिनांक 20/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विद्युतीकरण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) जोनल निविदा दिनांक 29.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 191316 | जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के अन्तर्गत रू. 30.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्यों हेतु जोनल निविदा। (द्वितिय निविदा) | 40.00 लाख | |
| 2 | 191317 | जनपद पंचायत सोनहत के अन्तर्गत रू. 30.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्यों हेतु जोनल निविदा। (द्वितिय निविदा) | 40.00 लाख | |
| 3 | 191318 | जनपद पंचायत भरतपुर के अन्तर्गत रू. 30.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्यों हेतु जोनल निविदा। (द्वितिय निविदा) | 40.00 लाख | |
| 4 | 191319 | जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अन्तर्गत रू. 30.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्यों हेतु जोनल निविदा। (द्वितिय निविदा) | 40.00 लाख | |
| 3 | 191321 | जनपद पंचायत खड़गवॉ के अन्तर्गत रू. 30.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्यों हेतु जोनल निविदा। (द्वितिय निविदा) | 40.00 लाख | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा http/cg.nic.in/resworks से दिनांक 20.05.2026 से देखी जा सकती है।

टीप:-मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 02.06.2026 सायं 5.30 बजे तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुन्ठपुर, जिला कोरिया में पहुंचना अनिवार्य होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**
जी-262700988/4



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018**
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी बलौदाबाजार भाटापारा/14-03/2026-27/1326 रायपुर, दिनांक 25/05/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :- ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि :- 17.06.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि :- 24.06.2026

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, वि.ख. बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत ग्राम / ग्राम पंचायत पुरेना खपरी के वार्ड क्र. 06 व 07 में, भरूवाडीह के आश्रित ग्राम पौसरी (चांपा) में स्कूल से पैठू तालाब तक, पिपराही में पानी टंकी से विष्णु वर्मा के बियांरा तक, कोकड़ी में कोकड़ी नहर से बोधन यदु के घर से पटेल सामुदायिक भवन तक, भरूवाडीह में आयुर्वेदिक अस्पताल से खम्हरिया चौक तक एवं सरकीपार में नहर पुलिया से बस्ती के पहुंच मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 126.98 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |
| 2 | जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, वि.ख. बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत ग्राम / ग्राम पंचायत भाटागांव सलौनी में पुनउराम यादव के घर से रतिराम यादव के घर तक, गैतरा में गैतरा बस्ती मुख्य मार्ग से गांव के अंतिम छोर तक, सोनाडीह में दर्शन के घर से श्रीराम ध्रुव के घर तक, करमदा में बांधा से ठेंगहा देवता तक, पौसरी के रवान में मुक्तिधाम पंहुच मार्ग तक, कुकरडीह में मेन रोड से मोक्षधाम तक एवं खैरताल में तालाब पार से स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 130.20 | |
| 3 | जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, वि.ख. पलारी के ग्राम-ससहा में मुख्य मार्ग से स्कूल तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 16.28 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

**सही/-सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

**सही/- भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

संवाद- 47919


### एलआईसी ने सेंट्रल बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 6.06 प्रतिशत कर ली है। पहले यह 3.16 प्रतिशत थी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में सेंट्रल बैंक ने कहा कि एलआईसी ने 22 मई को बाजार खरीद के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता में 26.26 करोड़ शेयर या 2.90 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। इस अधिग्रहण के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़कर 6.06 प्रतिशत हो गई है। बीएसई में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शेयर 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31.29 रुपये पर बंद हुआ।




## राशिफल

**मेष** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** – अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** – कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** – विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** – कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।


## शब्द पहेली - 6237



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6236 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6247

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 6246 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

धीरेंद्र शास्त्री पर भी टिप्पणी-महंत ने कहा-यह संत नहीं हैं, कांग्रेसी दूर रहें

# महंत के बयान पर बोले स्वामी रामभद्राचार्य सवाल उठाने वाले खुले मंच पर करें परीक्षण

वे भाजपा के प्रचारक उन्हें मैं ना जगदगुरु मानता, न गांव का गुरुः महंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर भाजपा का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे धर्म के नाम पर राजनीति करने आए हैं। ऐसे लोगों को नाम है जगतगुरु मानता न गांव का गुरु मानता। वहीं कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने भी कहा कि धर्म की आड़ में राजनीति नहीं होनी चाहिए और जनप्रतिनिधियों को सेवा भाव से काम करना चाहिए। दोनों नेता सोमवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बयान दिया। डॉ. महंत ने कहा कि रामभद्राचार्य भाजपा के प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। महंत ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर राजनीतिक माहौल बनाया जा रहा है, जो उचित नहीं है। इसी मुद्दे पर सांसद ज्योत्सना महंत ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग रखा जाना चाहिए। वे काम को ही धर्म मानती हैं और जनता की सेवा उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। डा. महंत ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री जैसे सभी बाबा फर्जी हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से ऐसे कार्यक्रमों में नहीं जाने की अपील की। साथ ही कहा कि हम तो कण कण में भगवान मानने वाले लोग हैं। उल्लेखनीय है कि चिरमिरी में जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



## जो रामजी से प्रेम करेगा, उसे मेरा आशीर्वाद

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई उनके जगद्गुरु होने पर सवाल उठाता है तो वह खुले मंच पर उनका परीक्षण कर सकता है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि जगद्गुरु बनने के लिए शास्त्रों में निर्धारित कसौटियों को पूरा करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि तीन ग्रंथों पर भाष्य लिखना अनिवार्य होता है और सभी अखाड़ों द्वारा इसकी मान्यता दी जाती है। उन्होंने कहा कि वह हर कसौटी पर खरे हैं और 22 भाषाओं में धाराप्रवाह बोल सकते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "जो राम जी से प्रेम करेगा उसे मेरा आशीर्वाद मिलेगा।" साथ ही उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि वह स्वयं इस आंदोलन के दौरान जेल में रहे और रामभक्तों पर हुए लाठीचार्ज व गोलीकांड को देश नहीं भूला है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि उस समय विरोध करने वाले नेताओं ने रामजन्मभूमि आंदोलन के लिए क्या योगदान दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का उल्लेख करते हुए कहा कि "जोगी थोड़े अच्छे थे, लेकिन उसके बाद की स्थिति क्या है, यह सब देख रहे हैं।" साथ ही संत समाज के प्रति असम्मानजनक टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जाहिर की।

## खबर संक्षेप

### सीएमडीसी के जीएम का मोबाइल चुराया, यूपीआई से एक लाख किया पार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में सीएमडीसी के महाप्रबंधक ने अज्ञात चोर के खिलाफ मोबाइल चोरी कर यूपीआई से एक लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अफसर की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। अफसर के साथ मोबाइल चोरी की घटना सब्जी खरीदने के दौरान पिछले सप्ताह हुई थी। उपेंद्र कुमार ने पुलिस में मोबाइल चोरी तथा यूपीआई से रकम आहरण कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। उपेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपना आई-फोन लेकर 16 मई को शाम 5 बजे जोरा सब्जी बाजार गया था। सब्जी खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने अफसर की पैंट की जेब से मोबाइल चोरी कर ली। इसके बाद अफसर ने 19 मई को नया सिम अलाट कराया, तब अफसर के मोबाइल में एक लाख रुपए यूपीआई से आहरित होने का मैसेज आया। इस तरह अफसर के मोबाइल से अज्ञात चोर ने एक लाख पांच हजार रुपए आहरित कर ठगी का शिकार बनाया। मोबाइल चोरी करने के बाद तत्काल सिम किसी दूसरे मोबाइल पर डालकर अफसर के यूपीआई का पासवर्ड तथा अन्य जानकारी रिसेट कर अकाउंट से रकम आहरित कर ठगी का शिकार बनाने की पुलिस को आशंका है।



### जुआ खेलते धरे गए दो जुआरी, 28.5 हजार जब्त



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर दो जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28.5 हजार रुपए जब्त की है। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने राजेंद्र नगर निवासी पवन कस्तूरिया उर्फ बब्बू, अमित दीप उर्फ डेविड को गिरफ्तार किया। दोनों दीपक कॉलोनी स्थित महिला मंडल भवन के पास जुआ खेल रहे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 3(2) छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एमडीएमए ड्रग के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ढाई ग्राम से ज्यादा नशीला पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने एमडीएमए ड्रग के साथ शशांक तांडेकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शशांक को सीएसईबी मैदान के पास चारपहिया वाहन में एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। फॉरवर्ड, बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर पुलिस आरोपी से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर प्रकरण में कर आगे एंड टू एंड कार्रवाई करने की बात कह रही है।

प्रभावित देशों से आने वाले मरीजों की होगी निगरानी, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# संक्रामक इबोला पर अलर्ट, एयरपोर्ट पर होगी स्क्रीनिंग, जिला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न देशों में तेजी से फैल रहे ईबोला वायरस पर छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट पर प्रभावित देशों से आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। वहीं संदेहास्पद मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड भी बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस जानलेवा संक्रमण की निगरानी के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी है।

अलग खबर

पिछले कुछ समय से इबोला वायरस के वैश्विक स्तर पर मामले सामने आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक इमरजेंसी घोषित किया है और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देशभर में इस संक्रमण पर अलर्ट जारी किया है। इस आधार पर छत्तीसगढ़ में भी इस संक्रमण रोकने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर प्रभावित देश जैसे युगांडा, दक्षिण सूडान आद देशों से आने वाले यात्रियों की जानकारी के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान कोई संदिग्ध मिलता है, तो उसकी निगरानी के लिए जिला अस्पताल पंडरी में आईसोलेशन वार्ड बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के अनुसार नोडल अधिकारी एयरपोर्ट पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेगा और संदिग्ध मामलों में आईसोलेशन मैनेजमेंट और रेफरल व्यवस्था करेगा। इसी तरह जिला अस्पताल में बनाए जाने वाले आईसोलेशन वार्ड में संदिग्ध और कन्फर्म केस के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। वहां ड्यूटी करने वाले पीपीई किट तथा अन्य उपकरणों से लैस होंगे। एयरपोर्ट से आईसोलेशन वार्ड तक डेडिकेटेड एंबुलेंस,प्रशिक्षित स्टाफ, सैंपल कलेक्शन,सुरक्षित ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था की जाएगी।




### भारत में केस नहीं, पर अलर्ट जरूरी

संचालक महामारी नियंत्रण डा. सुरेन्द्र पामभोई ने बताया कि इबोला का कोई केस भारत में नहीं मिला है। दूसरे देशों में इसके मामले सामने आने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय विमानतलों और विदेश यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे बचाव के लिए उसी तरह का प्रोटोकॉल निर्धारित है जो कोविड महामारी के दौरान पालन किया जाता था, ईबोला शारीरिक तरल पदार्थों के जरिए फैलता है।



### चमगादड़ सहित अन्य जानवर से फैलता है

चिकित्सकों के अनुसार इबोला दुर्लभ एवं जानलेवा वायरस होता है। यह मुख्य रूप से चमगादड़ और चिंपाजी जैसे जानवरों के संपर्क में आने से इंसानों में फैलता है। संक्रमित शख्स के शरीर से निकलने वाले खून, लार सहित अन्य तरल पदार्थों से यह स्वस्थ्य शरीर को प्रभावित कर सकता है। इसके लक्षण से 2 से 21 दिन के भीतर तेज बुखार और अत्यधिक कमजोरी, तेज दर्द, उल्टी, रक्तस्राव के रूप में दिखाई पड़ते हैं।

सूडा से अपग्रेडेशन को एप्रूवल का इंतजार सप्ताहभर और लग सकता है समय

# प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान का ऑनलाइन सिस्टम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान का ऑनलाइन सिस्टम 24 दिनों से बंद पड़ा है, स्थिति ये है कि 30 अप्रैल के बाद से न तो करदाता घर बैठे ऑनलाइन करों का भुगतान कर पा रहे हैं, न ही ऑफलाइन टैक्स जमा किया जा रहा है। इसका सीधा असर राजधानी के हजारों करदाताओं पर पड़ रहा है। जिन संपत्तियों का टैक्स जमा नहीं हुआ है, उनकी रजिस्ट्री, नामांतरण और अन्य राजस्व संबंधी प्रक्रियाएं भी प्रभावित हो रही हैं। दूसरी ओर नए वित्तीय वर्ष में मिलने वाली 6.50 फीसदी छूट का लाभ करदाताओं को नहीं मिल पा रहा है। यह लाभ संबंधित करदाताओं को 30 मई तक मिल सकता है। वहीं निगम प्रशासन का कहना है, यूजर चार्ज और संपत्ति आधारित डाटा का अपग्रेडेशन किया जा रहा है, यह प्रक्रिया पूरी होते ही ऑनलाइन टैक्स भुगतान की सुविधा फिर से शुरू कर दी जाएगी। दरअसल, एनआईसी द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के ऑनलाइन सिस्टम वाले सर्वर में नए वित्तीय वर्ष, संशोधित यूजर चार्ज और संपत्ति आधारित डॉटा को अपडेट किया जा रहा है। इस तकनीकी प्रक्रिया के कारण विगम 24 दिनों से करदाता अपने बकाया संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम के आईटी शाखा के मुताबिक, पूरे प्रदेशभर में यह अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है।




### सप्ताहभर में अपग्रेड हो जाएगा सिस्टम

इस वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स के लाइव पोर्टल में कुछ टेक्नीकल अपग्रेडेशन कार्य चल रहा है, साथ ही यूजर चार्ज पुनर्निधारण के लिए डिस्कशन हो रहा है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले सप्ताह तक सिस्टम अपग्रेड हो जाएगा।

- **संबित मिश्रा**, आयुक्त, ननि रायपुर

# हाथी ने ग्रामीण को कुचला, मौत

**कसडोल।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत स्थित बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में लगातार 1 हफ्ते के भीतर वन्यजीव के हमले से दो ग्रामीणों की मौत हो गई है। कुछ दिन पहले 20 मई को बायसन (गौर) के हमले से एक ग्रामीण की मृत्य व दो घायल हुए थे। अब दंतैल हाथी के हमले एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई है। दंतैल हाथी की मौजूदगी अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है।

■ बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में दंतैल हाथी का आंतक

रविवार रात हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के कई गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले चार दिनों से लगातार हाथी के मूवमेंट की जानकारी देने के बावजूद सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं किए गए। जिस पर वन विभाग के कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम दोंद निवासी जहरु राम नेताम 55 वर्ष रविवार रात गांव के आसपास मौजूद था। बताया जा रहा है कि रात करीब 8.30 से 9 बजे के बीच हाथी ने जहरु राम पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची।





# बीजापुर के गोदाम में लगी आग, 10 करोड़ का तेंदूपता जलकर खाक

**जगदलपुर।** बीजापुर जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र के ईटपाल स्थित तेंदूपता गोदाम में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आगजनी की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम जब तक आग पर काबू पाती तब तक हजारों बोरा तेंदूपता जलकर स्वाहा हो चुका था। इस आगजनी में करोड़ो के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर वन विभाग के किराए के तेंदूपत्ता गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। वहां रखे लगभग 18 हजार बोरे जलकर खाक हो गए। इस आगजनी में 10 करोड़ रूपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग की भयावता को देखते हुए वन विभाग, पुलिस और नगर पालिका की टीम के अलावा सीआरपीएफ के जवान भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लग गए। वन विभाग ने तेंदूपत्ता स्टोरेज के लिए गोदाम को किराए पर लिया था जहां 10 दिनों में तेंदूपत्ता का लगभग 18 हजार बोरा रखा गया था।

यदि कोई महिला दोबारा गर्भवती होती है तो उसे फिर मिलेगा मातृत्व अवकाश

# लीव बैलेंस नहीं होने का हवाला देकर मातृत्व लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि यदि किसी महिला कर्मचारी का गर्भपात हो जाता है और उसके बाद वह दोबारा गर्भवती होती है, तो पिछला मेडिकल अवकाश या गर्भपात संबंधी छुट्टी उसके नए मातृत्व अवकाश का अधिकार छीन नहीं सकती।

महिला को दूसरे गर्भधारण पर भी पूरे 90 दिनों का मातृत्व अवकाश कानूनी रूप से मिलना चाहिए। इस फैसले में हाईकोर्ट ने भारतीय खाद्य निगम रायपुर की एक महिला कर्मचारी को बड़ी राहत देते हुए उनके वेतन से काटे गए 80,254 रुपए वापस करने और बाकी मेडिकल बिलों के भुगतान का आदेश दिया है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने मेटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1961 का हवाला देते हुए कहा कि मातृत्व अवकाश कोई कृपा नहीं, बल्कि महिला का वैधानिक और संवैधानिक अधिकार है। कोई भी विभाग लीव बैलेंस नहीं होने का हवाला देकर मातृत्व लाभ से वंचित नहीं कर सकता।



# आरडीए को विधिवत भू अर्जन कर मुआवजा देने का निर्देश

आरडीए को विधिवत भू अर्जन कर मुआवजा देने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है। याचिका के मुताबिक याचिकाकर्ता हनुमान प्रसाद की भूमि ग्राम रायपुरा में स्थित थी। उनकी भूमि पर आरडीए द्वारा अपने आवासीय योजना के निर्माण के दौरान याचिकाकर्ता की भूमि पर सड़क निर्माण कर दिया गया।

आपत्ति करने पर स्थानीय प्रशासन एवं आरडीए द्वारा स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य किया गया। जांच उपरांत भूमि पर सड़क निर्माण होना पाया गया किंतु मुआवज़ा प्रदान नहीं किया गया। इसके विरुद्ध याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की ।याचिका में बताया गया कि बगैर अनुमति एवं मुआवजा भुगतान किए बिना भूमि अधिग्रहण गलत है, इसलिए याचिकाकर्ता को विधि अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाए। उच्च न्यायालय ने याचिका पर संज्ञान लेते हुए आरडीए तथा स्थानीय प्रशासन को पुनः सीमांकन करने का निर्देश दिया तथा यह आदेश दिया कि यदि उक्त कार्यवाही में याचिकाकर्ता की भूमि पर सड़क निर्माण होना पाया जाता है तो याचिकाकर्ता की भूमि पर विधिसम्मत अधिग्रहण कारवाही की जाए और समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए।


## जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक / 623/जि.प./ए.सु.के./2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 19/05/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति**

जिला पंचायत राजनांदगांव के संदर्भित पत्र कमांक 225 दिनांक 15 .04 .2026 के माध्यम से एकीकृत सुविधा केन्द्र (डोम) ग्राम पंचायत नवांगांव, विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव के आबंटन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति, आमंत्रित की गयी है। पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण आवेदन की अंतिम तिथी बढ़ाते हुए दिनांक 02/06/2026 की जाती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग)

सं. - 47925

## इंडियन बैंक Indian Bank — इलाहाबाद ALLAHABAD — शाखा- पावर हाउस रोड, कोरबा

**कब्जा नोटिस** (अचल संपत्ति हेतु)
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(1) अंतर्गत)

यतः अधोहस्ताक्षरी ने **इंडियन बैंक, पावर हाउस रोड, कोरबा शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए **पावर हाउस रोड, कोरबा शाखा** के निम्नलिखित **उधारकर्ता- मेसर्स सिंह एसोसिएट्स (प्रोप-सतवंत सिंह सलूजा) एवं श्री कुलवंत सिंह सलूजा (जमानतदार), दिनांक 31.01.2026** को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणि को देय नोटिस में उल्लेखित ऋण खाता बकाया राशि **- रु. 5129598/- (रुपये एंक्यावन लाख उनतीस हजार पांच सौ अनठानबे मात्र)** से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था। ऋणि द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणि एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को **दिनांक 25.05.2026** को अपने कब्जे में लिया है। ऋणि को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **इंडियन बैंक** को देय राशि **रु. 5129598/- (रुपये एंक्यावन लाख उनतीस हजार पांच सौ अनठानबे मात्र)** तथा उस पर ब्याज के अध्यधीन होगें।

देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

प्लॉट नंबर 423 का भाग, खसरा नंबर 188/1K/4, पीसी नंबर 16, इंदिरा व्यावसायिक एवं आवासीय केंद्र, टीपी नगर, आरएनएम एवं तहसील - कोरबा (छ.ग) में क्षेत्रफल -1500 वर्ग फूट पर स्थित वाणिज्यिक सह आवासीय प्लॉट, मालिकाना हक श्री सतवंत सिंह सलूजा पिता श्री प्रीतम सिंह सलूजा। सीमाएं:- उत्तर : प्लॉट नंबर 424, दक्षिण: प्लॉट नंबर 422, पूर्व : 40 फीट रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 432.

दिनांक: 26.05.2026, स्थान- कोरबा — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मेसर्स सिंघल स्टील प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम- पतरापाली,कोतरलिया एवं सियारपाली, तहसील व जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में प्रस्तावित Greenfield Steel Plant comprising of Iron Ore Beneficiation Plant (1 x 1.7 MTPA) (Iron ore concentrate)- 17,00,000 TPA, Pellet Plant (1 x 1.2 MTPA) -12,00,000 TPA, Coal Gasifier for Pellet Plant- 1 x 45,000 $NM^3$ / Hr., Sinter Plants (2 x 60 $m^2$) - 12,00,000 TPA, Coke Oven Units (1 x 1500 TPD)- 5,00,000 TPA, Blast Furnaces (2 x 350 $m^3$) - 8,50,000 TPA, Ductile Iron Pipe Plant (1 x 1515 TPD) - 5,00,000 TPA, Oxygen Plant (350 TPH) (10000 $NM^3$ / Hr.) - 27,72,000 TPA, Nitrogen (10000 $NM^3$ / Hr.) - 27,72,000 TPA, DRI Kilns (3 x 350 TPD) - 3,46,500 TPA, Electric Arc Furnace & LRF (2 x 60 T) (MS Billets/Ingots) - 3,96,000 TPA, 4 x 25 Tonne Induction Furnace with CCM & LRF along with EOF facility (1 x 50 T) and Vacuum Degassing facility (1 x 50 T) [Hot Billets / MS Billets / Ingots] -3,30,000 TPA, Rolling Mill (TMT bars / Wired Rod / Structural Steel/HR coil/HR Strips) (2 x 909 TPD) - 6,00,000 TPA (85% Hot charging with Hot Billets and remaining 15% through RHF with Producer Gas as fuel), Coal Gasifier for Reheating Furnace (2 x 2,340 $NM^3$/Hr) - 4,680 $NM^3$/Hr, Ferro Alloys Unit (2 x 9 MVA) to produce FeSi - 14,000 TPA / FeMn 40,000 TPA / SiMn - 28,000 TPA / FeCr- 30,000 TPA / Pig iron - 48,000 TPA, Briquetting Plant-200 Kg/Hr., Coal Washery (1 x 0.6 MTPA) - 6,00,000 TPA, WHRB Power Plant [through DRI kilns - 3 x 10 MW, through BF gases- 2 x 10 MW, through Coke Oven Gases- 2 x 15 MW) - 80 MW, FBC based Power Plant (1 x 80 MW) - 80 MW and Brick Manufacturing Unit 39,600 Bricks / Day की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 06.07.2026, दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से स्थल-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पतरापाली (पूर्व) के सामने का मैदान, ग्राम- पतरापाली, तहसील व जिला - रायगढ़ (छ.ग.) में नियत की गई है।** यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F.No.22-25/2020-IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन/पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़, जिला-रायगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल टी. व्ही. टॉवर रोड रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - रायगढ़, जिला - रायगढ़, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत - नवागांव, संबलपुरी, तिलगा, भगोरा, लामीदरहा, कोतरलिया, जॉमगांव, सियारपाली, लोईंग, बनोरा, छुहीपाली, कुकुर्दा, कोलईबहाल, सपनई, मनुआपाली, झारगुड़ा, अड़बहाल, टारपाली, कोटमार, पतरापाली (पूर्व) तहसील व जिला - रायगढ़, डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मत्स्याखेट... तीन...

डिमार ढोल-नगाड़ों, लोकगीतों और ग्रामीण उत्साह से गुलजार रहा। इस दौरान लोगों ने छोटी मछलियों से लेकर 10-10 किलो तक की बड़ी मछलियां पकड़ीं। बड़ी मछली हाथ लगते ही ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम देखने पहुंचे लोग भी विशाल मछलियों को देखकर उत्साहित नजर आए। कई ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने पहली बार इतनी बड़ी मछली देखी है। **सुबह से जुटने लगी थी भीड़**-शनिवार सुबह 9 बजे से ही ग्राम बरकाई में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते गांव में जनसैलाब सा उमड़ पड़ा। ग्रामीण मछली पकड़ने के लिए जाल, चगोड़ी, पेलना, बोरी सहित पारंपरिक उपकरण लेकर पहुंचे। समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की रसीद कटवाने के बाद लोग तालाब किनारे आदेश का इंतजार करते रहे। दोपहर तक आयोजन स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ चुकी थी। **पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ मत्स्य आखेट**-कार्यक्रम की शुरुआत मालगुजार, पुजारी और पटेल द्वारा ग्राम देवी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हजारों ग्रामीण तालाब में उतरे और पारंपरिक तरीके से मछलियां पकड़ने लगे। तालाब में उछलती मछलियां और ग्रामीणों का उत्साह आयोजन का मुख्य आकर्षण बना रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरकाई बस्तर का ऐसा गांव है, जहां यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। इस बार कार्यक्रम को देखने रिकॉर्ड संख्या में लोग पहुंचे।

### श्रमदान की परंपरा...

यह आयोजन हर वर्ष होता था, लेकिन बीच में 14 वर्षों तक बंद रहा। वर्ष 2023 में इसे फिर शुरू किया गया और अब हर तीन साल में इसका आयोजन किया जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल फिर...

और 99.55 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल और डीजल में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर, 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर तथा 23 मई को पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। विभिन्न राज्यों में स्थानीय करों के कारण ईंधन की कीमतों में अंतर होता है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का कुल मिलाकर देश के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। संघर्ष के शुरुआती ढाई महीनों में तेल कंपनियों ने लागत बढ़ने के बावजूद खुदरा कीमतों को स्थिर रखा था। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने का कदम बताया था, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार पर पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कारण कीमतों में बढ़ोतरी टालने का आरोप लगाया था। यह मूल्य वृद्धि 15 मई को तब शुरू हुई, जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावों में से तीन में जीत दर्ज की। सार्वजनिक कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाए जाने के तुरंत बाद नायरा एनर्जी जैसी निजी तेल कंपनियों ने भी इसी अनुपात में दाम बढ़ा दिए। इससे पहले मार्च में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पर पांच रुपये और डीजल पर तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी पीएलसी के संयुक्त उद्यम जियो-बीपी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के समान ही अपनी दरें बढ़ाई हैं। देश में पेट्रोल और डीजल के दाम अब मई 2022 के बाद अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हालिया मूल्य संशोधन इस तरह से किए गए हैं कि तेल कंपनियों पर दबाव कुछ हद तक कम हो, लेकिन इससे महंगाई में तेज झटका न लगे, हालांकि इन बढ़ोतरी से कीमतों पर दबाव बढ़ना तय है। रेटिंग एजेंसी इक्रा लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, खुदरा ईंधन की कीमतों में हाल की बढ़ोतरी के बावजूद तेल विपणन कंपनियों का घाटा लगातार ऊंचा बना हुआ है, क्योंकि घरेलू एलपीजी बिक्री में नुकसान बढ़ रहा है और कच्चे तेल के दाम भी अधिक है।

### कांग्रेस ने कहा-...

डीजल की कीमतों में यह बढ़ोतरी मोदी सरकार द्वारा रोजाना की जाने वाली डकैती है। इसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'महंगाई मानव' मोदी का फिर से हमला। पेट्रोल-डीजल के दाम किश्तों में बढ़ाते हैं, ताकि चुपके-चुपके आपकी जेब कटती रहे। उन्होंने कहा, मैं महीनों से आर्थिक तूफान आने की बात कह रहा था। पर मोदी जी तब हमेशा की तरह चुनाव में व्यस्त थे और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल आठ रुपये महंगा कर दिया। ये वृद्धि होती ही जाएगी।

### सब्जी के कैरेट्स...

निकलने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की। ओडिशा की तरफ से आ रही एक संदिग्ध पिकअप क्रमांक ओडी 64 सीटी 5613 को रोककर तलाशी ली गई, तो उसमें गांजा मिला। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि गरियाबंद पुलिस की एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है।

### यूपी का रहने...

समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ शराब...

ने मुख्य मामले से जुड़े दो अलग-अलग मामलों और संबंधित धनशोधन मामले में सुनवाई करते हुए पूर्व अधिकारी को यह राहत प्रदान की। पीठ ने कहा कि दास को कथित तौर पर इस मामले का /"मुख्य सूत्रधार/" बताया गया है, और उन पर आरोप है कि उन्होंने राज्य की आबकारी नीति तैयार करने में भूमिका निभाई ताकि अन्य सह-आरोपियों को लाभ पहुंचाया जा सके। जमानत देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दास को दो अलग-अलग मामलों में क्रमशः 18 सितंबर 2025 और 19 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था।

### कारोबारी की याचिका...

को नोटिस जारी कर तीन जून तक जवाब मांगा है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 13 मई को ढेबर की जमानत याचिका यह कहकर खारिज कर दी थी कि आरोपों से राज्य द्वारा संचालित निगम के भीतर 'गहराई तक जड़ जमाए और व्यवस्थित भ्रष्टाचार नेटवर्क' का संकेत मिलता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि सार्वजनिक धन से जुड़े आर्थिक अपराधों को अधिक गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### नवतपा की भीषण...

ने प्रदेश में अपना दबदबा कायम करते हुए सर्वाधिक तापमान का रिकार्ड बनाया। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आसपास रहे और माना का इलाका इनसे आगे रहा है। इन जिलों के तमाम शहरों में गर्मी आग बरसाती रही और दोपहिया वाहनों में आवाजाही के दौरान शरीर में जलन का अहसास होता रहा। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिन तक इस भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है।

### कोर्ट ने कहा-...

बृहस्पतिवार तक एक हलफनामा दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, यह दुखद है कि उन्होंने सबक नहीं सीखा है। यह मामला पहले भी इस अदालत में आया था। एक समिति, एक निगरानी समिति गठित की गई थी, जिसने कुछ सिफारिशें की थीं और उन्हें स्वीकार कर लिया गया था। हम चाहते हैं कि एनटीए समिति द्वारा सुझाई गई सिफारिशों के अनुपालन के लिए उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दाखिल करे। शीर्ष अदालत ने फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) द्वारा वकील तन्वी दुबे के माध्यम से दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस विषय से संबंधित सभी मामलों को एक साथ नत्थी कर रहा है। कोर्ट ने केंद्र द्वारा नियुक्त भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व वाली समिति को एनटीए के कामकाज में सुधार करने और उसके निर्देशों के अनुपालन के लिए उठाए गए कदमों का विस्तृत विवरण देने का निर्देश दिया। **शीर्ष न्यायालय में कई याचिकाएं**-परीक्षा रद्द किए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। एफएआईएमए की याचिका में कहा गया है कि राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने पता लगाया है कि वर्ष 2026 के लिए आयोजित नीट-यूजी के जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के 120 प्रश्न व्हाट्सऐप और टेलीग्राम पर प्रसारित 'अनुमानित प्रश्नपत्रों' में शामिल प्रश्नों से मेल खाते थे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एनटीए द्वारा 5जी जैमर, जीपीएस ट्रैकिंग और एआई-नियंत्रित कैमरों सहित उच्च-तकनीकी सुरक्षा उपायों को अपनाए जाने के दावों के बावजूद, ये उपाय 'केवल कागजों पर' ही मौजूद थे। याचिका में सीबीआई को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह पेपर लीक मामले की जांच के संबंध में चार सप्ताह के भीतर उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिसमें पहचाने गए नेटवर्क, इस सिलसिले में की गई गिरफ्तारियां, आरोपित व्यक्तियों और अभियोजन की प्रगति का विवरण शामिल हो। याचिका में कहा गया है कि 'अनियमितताओं का पारदर्शी रूप से पता लगाने' के लिए एनटीए को 2026 के लिए आयोजित 'नीट-यूजी' के केंद्रवार परिणाम तुरंत प्रकाशित करने के लिए कहा जाए।

### इधर, केंद्रीय मंत्री...

शासित प्रदेशों से अभ्यर्थियों की सुविधा तथा सेहत के लिए परीक्षा केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने पत्र में लिखा, मौजूदा ऊष्ण लहर की स्थिति को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों और सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों तथा दूसरे संस्थानों को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिहाज से जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। मंत्री ने बताया कि इन सुविधाओं में स्वच्छ पेयजल, उचित बैठक व्यवस्था, चालू पंखे और कूलर, साफ वॉशरूम, छायादार प्रतीक्षा स्थल, बिना रुकावट बिजली आपूर्ति और जहां भी जरूरत हो पोर्टेबल टॉयलेट शामिल हो सकते हैं।

### अभिनेता धर्मेंद्र को...

सामना कर रहे पारंपरिक भारतीय कला 'अवधान'को पुनर्जीवित करने वाले शतावधानी आर गणेश; कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय सुरेश कुमार कोटक; और उदर रोग विशेषज्ञ कल्लीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने विज्ञापन गुरु पीयूष पांडे और पूर्व सांसद विजय कुमार मल्होत्रा को भी मरणोपरांत इस सम्मान से नवाजा। पांडे की पत्नी और मल्होत्रा के बेटे ने सम्मान प्राप्त किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर, अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार और सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक के. विजय कुमार को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए इस समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाया गया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कार देने की मंजूरी दी है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार दो अलग-अलग अलंकरण समारोहों में प्रदान किए जाने हैं। पद्म पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर की जाती है। ये प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किए जाते हैं। **पीएम मोदी और शाह ने दी बधाई**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इन विभूतियों की उत्कृष्टता, समर्पण और अथक सेवा देश के सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करती है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि पद्म पुरस्कार विजेता समाज परिवर्तन के वास्तविक पथ-प्रदर्शक हैं, जिन्होंने अपनी सेवा भावना से 'पीपुल्स पद्म' की अवधारणा को साकार किया है।

### बस्तर की जनसेवा...

अबूझमाड़ क्षेत्र के समीप एक छोटे क्लिनिक से अपनी सेवा यात्रा प्रारंभ की और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव वाले क्षेत्रों में गरीब आदिवासी मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। प्रारंभिक 12 वर्षों में उन्होंने 3,000 से अधिक गंभीर रूप से बीमार आदिवासियों का उपचार किया। इसके बाद उन्होंने जंगलों के भीतर 114 से अधिक विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित किए, जिनके माध्यम से 9,000 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा 400 से अधिक गंभीर मरीजों को रायपुर के चैरिटेबल अस्पतालों में भेजकर उपचार उपलब्ध कराया गया। श्रीमती सुनीता गोडबोले ने बस्तर की स्थानीय बोलियों 'गोंडी' और 'हलबी' सीखकर जनजातीय महिलाओं और बच्चों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया। उनके प्रयासों से बस्तर के तीन जिलों के 37 विद्यालयों के लगभग 2,000 बच्चे प्रतिवर्ष स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में उनके व्यक्तिगत प्रयासों से 24 गांवों के 460 बच्चों को गंभीर कुपोषण से बाहर निकाला गया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता, बाल अधिकार संरक्षण तथा आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वर्तमान में यह दंपत्ति बस्तर में जनजातीय बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित संगठन "बनफूल" का संचालन कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य प्रशासन ने गोडबोले दंपत्ति को 'पद्म श्री' सम्मान मिलने को राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सम्मान बस्तर के जनजातीय समाज के संघर्ष, सेवा और स्वास्थ्य अधिकारों को मिली राष्ट्रीय मान्यता है।

### त्विषा मामले की...

कटारा हिल्स इलाके में अपने ससुराल में 12 मई को फंदे से लटका मिला था। उनके परिवार ने उनके ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है जबकि त्विषा के ससुराल वालों ने दावा किया कि वह मादक पदार्थों की लत से पीड़ित थीं।

### 15 हजार की रिश्वत...

का बंटवारा संबंधी कार्य को लेकर पिछले करीब चार महीनों से लगातार पटवारी कार्यालय का चक्कर काट रहा था। किसान का आरोप है कि हर बार किसी न किसी बहाने से उनका काम टाल दिया जाता था। पटवारी ओमकार सोनवानी द्वारा सीधे तौर पर पैसों की मांग की जा रही थी। पहले पटवारी ने काम कराने के लिए 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। किसान आर्थिक रूप से परेशान था और लंबे समय से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाकर थक चुका था। बाद में बातचीत के दौरान रिश्वत की रकम 15 हजार रुपये में तय हुई। लगातार हो रही मांग और मानसिक प्रताड़ना से परेशान किसान ने आखिरकार इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से कर दी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने पूरे मामले की गोपनीय तरीके से जांच शुरू की। अधिकारियों ने शिकायत की पुष्टि करने के बाद आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए विशेष योजना बनाई। सोमवार को टीम ने साजा मुख्यालय में जाल बिछाया और शिकायतकर्ता किसान को केमिकलयुक्त 15 हजार रुपये देकर पटवारी के पास भेजा।

### इधर, कनिष्ठ अभियंता...

कुमार बजाज एवं लाइनमैन राकेश शुक्ला को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार डोमनापारा निवासी रमेश ने अपने 5 एचपी मोटर कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि कनेक्शन जारी करने के एवज में कनिष्ठ अभियंता और लाइनमैन द्वारा 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। मामले की शिकायत पीड़ित ने एसीबी से की, जिसके बाद टीम ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। एसीबी अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को 9 हजार 500 रुपए देकर कार्यालय भेजा। जैसे ही आरोपियों ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, एसीबी टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग कार्यालय में हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। रिश्वतखोरी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### बिस्तर को लेकर...

कपूर के साथ यहां रहते थे। जानकारी के मुताबिक मानसी कपूर हाल ही में मार्च 2026 में हुई शादी के बाद मायके आई हुई थी।

### परिवार का जटिल...

ने नंद के पति अनिल से शादी कर ली थी। मानसी की शादी मार्च 2026 में बेलदारपुरा में हुई थी। वह कुछ दिन पहले ही अपने मायके घूमने आई थी। तभी यह विवाद हुआ। मां को अपने बिस्तर पर सोता देख वह आग बबूला हो गई थी। और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। फिलहाल एक छोटे से विवाद ने परिवार की खुशियां छीन लीं। पुलिस ने मर्ग कायम क सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी।

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिवाई आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
शुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
एक बार उपयोग कर देखें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-सोनोग्राफी सेन्टर हेतु टाइपिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, रिसेप्शनिस्ट, क्लीनर, आया, सिक्युरिटी गार्ड एवं PRO की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीगोपाल, साहू डायग्नोस्टिक सेन्टर जूनीलाइन बिलासपुर 9770128995, 9755230012 (40954)

**आवश्यकता है**-ऑटोमोबाइल शॉप हेतु 12वीं पास पुरुष चाहिए बैंक संबंधी, काउंटर हैंडलिंग, सामान्य कार्य हेतु। फ्रेशर, अनुभवी उम्मीदवार केवल Whats App के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सम्पर्क करें- 8927400000 (40955)

**आवश्यकता है**-सुरक्षा गार्ड ड्यूटी में अनपढ़ व पढ़े लिखे व्यक्तिओं की लोहे का सामान इत्यादि की सुरक्षा हेतु वेतन- 12000/- तुरंत ड्यूटी सिलतरा रायपुर में सम्पर्क करें- 90688 88210, 9927351153 (025)

**आवश्यकता है**-घर में खाना बनाने एवं घरेलू कार्य करने हेतु 8/ 10/ 12/ 24 घंटे कार्य करने के लिए अनुभवी कुक एवं मेड की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 9993537989 (40958)

**आवश्यकता है**-फुटवियर शॉप में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समेन, सेल्सगर्ल, मार्केटिंग फील्ड वर्क, बिजी एकाउंट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरणस्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333, 07752-407333 (40957)

**आवश्यकता है**-टिफिन सेन्टर में घर जैसा खाना, नाश्ता बनाने हेतु कुक चाहिए। महिला, पुरुष (जो नशामुक्त हो) पता- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर दिल्ली आईएएस अकादमी के पास मंगला बिलासपुर 9755655055 (40944)

**Vacancy**- CA Office, Bilaspur Requires Account Executives & Office Assistants (2 Posts). Knowledge of English, Tally Prime, Billing & MS Office. Freshers/ Experienced may apply. Salary negotiable. Whats App Resume/ Call 7772950008 (40947)

**आवश्यकता है**-दुकान के कार्य हेतु ऐसे लड़के चाहिए जो ईमानदारी और मेहनत से काम कर सकें। अनुभवी, फ्रेशर दोनों सम्पर्क कर सकते हैं। पता- जी.एम. ट्रेडर्स, श्याम टॉकीज रोड, बिलासपुर 8435802555 (40956)

**आवश्यकता है**- बच्चों को देखने के लिए कार्यवाहक महिला की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 साल, वेतन 20000, रहना और खाना फ्री, बैंगलोर के लिए। सम्पर्क करें- शंकर नगर बिलासपुर 7276622438 (40945)

**आवश्यकता है**-मेडिकल कालेज एवं यूनिवर्सिटी रायपुर में सिक्यूरिटी हेड, सुपरवाइजर सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है सेवानिवृत्त सैनिक, अर्धसैनिक बल के कर्मचारियों को प्राथमिकता (वेतन सिक्युरिटी हेड- 35000 से 50000, सुपरवाइजर, सिक्युरिटी गार्ड- 15000) पता- एक्समैन सिक्यूरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 6263900911, 9754713125 (40929)

**आवश्यकता है**-एम्बियंस इंफ्रा ग्रुप बिलासपुर को आवश्यकता है सेल्स मैनेजर- 2पद अनुभव- न्यूनतम 05 साल (रियल एस्टेट का) वेतन- योग्यता अनुसार कार्य क्षेत्र- सम्पूर्ण बिलासपुर सम्पर्क करे- एम्बियंस बिजनेस पार्क, सीएमडी चौक बिलासपुर (छ.ग.) 7049810000 (40924)

**आवश्यकता है**-रेडिमेड शोरूम में मेन्स वियर, लेडिस वियर, साड़ी के लिये अनुभवी सेल्समैन युवक/ युवती की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (40946)

**आवश्यकता है**-हॉस्टल में काम करने हेतु कुक, हेल्पर, बाई, मैनेजर, डिलीवरी बॉय बिलासपुर, अम्बिकापुर के लिए आवश्यकता है खाना, रहना कम्पनी का रहेगा। सम्पर्क करें- 7869586011 (कॉलिंग) 9329233000 (व्हाट्सएप) (40951)

**आवश्यकता है**-सोशल मिडिया, विडियो एडिटिंग, मार्केटिंग, टेलीकॉलिंग हेतु ग्राफिक डिजाईनर एवं कंटेंट क्रियेटर लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- इविन्सपब पब्लिशिंग, कोनी बिलासपुर 6260711728, 9907575798 (40943)

**आवश्यकता है**-NSGM Public School में बीएड, डीएड, डीएलएड एवं अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- व्हाइट हाउस के पीछे राज घराना कॉलोनी अमेरी बिलासपुर सम्पर्क करें- 9340881803(40950)

**आवश्यकता है**- होटल में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। (सुबह 8बजे से शाम 8बजे) वेतन 11000 से 18000 सम्पर्क- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (40930)

**आवश्यकता है**-बिलासा ट्रांसपोर्ट को Bolero PicUp, छोटा हाथी एवं Scorpio चलाने वाले कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 तक (PF, Medical, भत्ता अलग से) सम्पर्क करें- 80850 45559 (40936)

**आवश्यकता है**- दुकान में कार्य करने हेतु (लड़कियों) सिप्शनिस्ट- 2, सेल्सगर्ल- 2 की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गणेश चौक नेहरू नगर बिलासपुर 8770832241 (40915)

**आवश्यकता है**- डिस्ट्रीब्यूटर के यहां सेल्स, मार्केटिंग, डिलीवरी ब्वॉय, आफिस ब्वॉय आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 99811 37187 (40934)

**आवश्यकता है**-बिस्कुट पैकिंग, चॉकलेट पैकिंग, कार्टून पैकिंग हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है वीडियों कॉलिंग से भी कार्य देख सकते हैं। रूम बिजली की सुविधा फ्री, सम्पर्क करें- बंजारी मंदिर के पास रावां भाटा रायपुर 7828735534 (080)

**आवश्यकता है**- घर में रहकर घरेलू खाना बनाने के लिए अनुभवी पुरुष कुक (व्यक्ति) की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9827195555 (40927)

**आवश्यकता है**-सुरक्षागार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016, 7747000016, 77470 00019, 7746000019 (015)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर देवास इंदौर रीवा प्रयागराज मे रहकर काम कर सके सैलरी 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ महीना 25000 कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट सम्पर्क करें-6268044316, 9201024747 (360)

**आवश्यकता है**-चश्मा शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन 8000 से 15000 योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गुरुनानक चश्मा राजीव प्लाजा जिला चिकित्सालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (40928)

**आवश्यकता है**-Shyam Enterprises में काम करने के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। समय सुबह 10 बजे से शाम 7बजे तक वेतन काम के अनुसार दिया जाएगा सम्पर्क करें- 9074741377 (40937)

**आवश्यकता है**- ड्राइवर की आवश्यकता है। दोपहर 2बजे से रात 12बजे तक सैलरी 12000 सम्पर्क करें- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (40931)

**आवश्यकता है**-स्वर्णभूमि रायपुर में घरेलू वाहन फॉरच्यूनर चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। फ्री आवास सुविधा उपलब्ध लाइसेंस सहित मिलें सम्पर्क करे- 9039787086 (887)

**आवश्यकता है**-सिक्योरिटी एजेन्सी में कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति, जो शोरूम में गाड़ियों की एंट्री कार्य कर सके तथा डे/ नाइट में काम करने हेतु। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9981630084, 9425534940 (40938)

**आवश्यकता है**-कानूनी पुस्तकों की मार्केटिंग एवं दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए टाइपिस्ट को प्राथमिकता वेतन 6000 से 10000+ कमीशन पता- आदर्श लॉ हाउस डीपी कॉलेज के सामने बिलासपुर 98270 79947 (40932)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है**-रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24घंटे रहने योग्य महिला/ युवती चाहिए रहना खाना फ्री+ वेतन सम्पर्क करे- 9993707000 (888)

## सर्विसेस

**म्यूजिकल ग्रुप**-रेन-बो म्यूजिकल ग्रुप भारतीय नगर, बिलासपुर "आशा ताई" श्रद्धांजलि स्पेशल कार्यक्रम हेतु सम्पर्क करें- संचालक रेन-बो संगीत ग्रुप मो.- 9685120282 (कम से कम बजट में सुपर प्रोग्राम) (40949)

## बेचना है

**बेचना है**-जमीन बेचना है यदुनन्दन नगर तिफरा सूर्या विहार फेस दो के पास डायवर्टेड, उत्तर मुखी प्लॉट 30×60 बेचना है। सम्पर्क करें- 9406213493, 70004 58145 (दलाल सम्पर्क ना करें) (40959)

**बेचना है**-बिलासपुर मंगला हाउसिंग बोर्ड में गार्डन फेसिंग 2BHK मकान कीमत 25 लाख रुपए में अतिशीघ्र बेचना है खरीददार सम्पर्क करें- 7898855268 (कृपया ब्रोकर सम्पर्क ना करें) (40894)

**बेचना है**-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (40711)

**बेचना है**-बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का पूर्व मुखी प्लॉट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9630083740, 97706 76030 (40920)

**बेचना है**- रायपुर रोड में हाई कोर्ट, बिलासपुर के पास स्थित गीतांजली इरा कॉलोनी में 1500 वर्गफीट का डायवर्टेड प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9827410085 (40925)

**बेचना है**-मेन रोड सैदा ग्राम पंचायत भवन के पास दुकान सहित रसोई, 4 कमरे, 5 लैटबाथ, 2 बड़ा हाल, आंगन वाला सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है शीघ्र सम्पर्क करें- 8817785277 (40922)

## किराया

**किराया**-बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें-95897 40766, 9425530355 (40953)

**किराया**- सीपत रोड अशोक नगर चौक में मुख्य मार्ग में इलाहाबादी होटल के सामने पतंजलि चिकित्सालय के ऊपर दुकान/ आफिस कार्य हेतु किराये से देना है द्वितीय तल 12×30 की दो दुकाने, प्रथम तल 36×30 का सम्पर्क करें- 6232701261 (40900)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**किराया** - किराएदार उपलब्ध कराते हैं। क्या आप बिलासपुर शहर में अपना मकान, फ्लैट, बंग्लो किराए पर देने के लिए अच्छे किराएदार तलाश रहे हैं? मकान मालिक अतिशीघ्र हमसे सम्पर्क करें- 94079 01690 (40941)

**किराया**- मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा में 10×25 की दुकान एवं चार कमरे सहित 550 वर्गफुट किराए पर देना है गोडाउन, कोचिंग क्लास मेडिकल एजेन्सी के लिए उपयुक्त। सम्पर्क करें- 74895 44379, 9981890379 (40939)

**किराया**-बिलासपुर में जरहाभाठा मन्दिर चौक के पास स्थित फर्स्ट फ्लोर में 2BHK के दो फ्लैट किराए के लिए उपलब्ध हैं छोटी फैमिली को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827151913 (40935)

## फायनेंस

**फायनेंस**-विजया फाइनेन्स द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि, महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क करें- 9981421206, 9437550462 (4346)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एण्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

Advertisement Booking
Time 10.30 AM to 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |



# जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच ओपन, पहुंचे दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया, जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं।

**दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में पेरीकार्ड को हराया**

जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था। जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

### फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा

अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा। जोकोविच ने उन 82 ग्रैंड स्लैम में से रिकॉर्ड 24 जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल में खेल रहे हैं। इस तरह से उन्होंने फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट और एंटोनी जेंटियन की बराबरी कर ली है। वह यहां पिछले 20 टूर्नामेंट में से 19 में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता।

# बसवरेड्डी ने किया उलटफेर, सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस



भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी निशेष बसवरेड्डी ने फ्रेंच ओपन में पहला बड़ा उलटफेर करते हुए पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराया।

वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले और अब अमेरिकी नागरिक बन चुके बसवरेड्डी ने दो घंटे 45 मिनट के कड़े मुकाबले में विश्व नंबर 9 फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इक्कीस वर्षीय बसवरेड्डी के माता-पिता 1999 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से अमेरिका चले गए थे। वह साल 2000 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2000 में यान-माइकल गैम्बिल ने 2000 में तत्कालीन विश्व नंबर 8 निकोलस कीफर शिकस्त दी थी।

**क्वालीफायर-1** : आज शाम 7.30 बजे से गिल और कोहली की टीमों के बीच टक्कर

# विराट ब्रिगेड की बल्लेबाजी पर गुजरात टाइटंस का हमला, आज असली जंग !

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो उसे आईपीएल के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा। दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स निस्संदेह आईपीएल 2026 की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं,हालांकि प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए उन्होंने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं।

### आरसीबी ने गेंदबाजी के दम पर आगे बढ़ाया अभियान

रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अपना अभियान आगे बढ़ाया।मौजूदा चैंपियन टीम ने इस सत्र में लगातार 200 रन का आंकड़ा पार किया। आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ। विपक्षी टीम के मैदान पर जीत हासिल करने की महारत और करीबी मुकाबलों को निर्णायक मोड़ पर समाप्त करने की क्षमता ने आरसीबी को लीग चरण में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम में से एक बना दिया। इस मैच में आरसीबी को धर्मशाला की परिस्थितियों से परिचित होने का भी लाभ मिलेगा।



### कोहली और रबाडा निभा सकते हैं अहम भूमिका

कोहली और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज रबाडा के बीच का मुकाबला मैच का परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। धर्मशाला में मिलने वाली अतिरिक्त उछाल को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण होगा, जिसमें गुजरात के तेज गेंदबाजों के शुरुआती आक्रमण का सामना करने की कोहली की क्षमता आरसीबी के पावरप्ले का रुख तय कर सकती है।

### शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण

गुजरात की शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर निर्भरता को देखते हुए शुरुआती छह ओवर बेहद महत्वपूर्ण होंगे। बीच के ओवरों में राशिद खान और आरसीबी के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला भी निर्णायक साबित हो सकता है, हालांकि कप्तान पाटीदार का स्पिन के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले मेगट शट ने चौंकाया कहा- मेरा आखिरी टूर्नामेंट



**नई दिल्ली।** आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा। मेगट ने खुद इसकी पुष्टि की है। साल 2012 में अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत करने वाली मेगन ने अपने टेस्ट करियर में 4 मैच खेले, जिसमें 9 विकेट हासिल किए।

इसके अलावा, 111 वनडे मुकाबलों में उन्होंने 24.15 की औसत के साथ 148 शिकार किए। 125 टी20 मुकाबलों में मेगन 152 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। शट ने कहा, भूख एक 'शब्द' है, लेकिन मेरे लिए यह 'बदला' या 'मन की भड़ास' है। यह निश्चित रूप से एक ऐसा टूर्नामेंट है, जिसे मैं जीतना चाहती हूं।

# महिला हॉकी : आस्ट्रेलिया के खिलाफ आज से सीरीज

एजेंसी ▶▶| पर्थ



भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 4 मैचों की श्रृंखला के जरिए एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी।सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया, जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली। भारतीय कप्तान सलीमा ने कहा ,'आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना आसान नहीं है। हमें तैयारी के लिए इस तरह के मैच खेलने होंगे और हर मैच काफी अहम होगा। हम नेशंस कप में आत्मविश्वास के साथ उतरना चाहते हैं।' एफआईएच रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम में सोनम, हीना बानो और लालथांटजुआंगी जैसे युवाओं को मौका दिया गया है।

## तलवार ने किया शानदार प्रदर्शन, रहे 40वें स्थान पर



**ओडेंसे।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने बीच के दो दौर में औसत प्रदर्शन करने के बाद अंतिम दौर में शानदार खेल का नमूना पेश किया, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 40वें स्थान पर रहे। तलवार में अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर पार (67-70-75-68) रहा। तलवार अब रोड टू मलोरका तालिका में 21वें स्थान पर हैं। इसमें 2026 में डीपी वर्ल्ड टूर के लिए 15 कार्ड उपलब्ध हैं। इस बीच टैपियो पुल्कनेन ने प्लेऑफ में मैक्सेंस गिबौडॉट को हराकर खिताब जीता।



*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा– 07752 –409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा– 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा–7024149881, 07752–412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा– 07752 –417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा– 7489027000, जसवानी होंडा– 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा– 7000405012, जांजगीर–चांपा: गट्टानी होंडा – 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा– 94790–25937, 99939–98122, कृष्णा होंडा– 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा – 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा – 9300473589, शांति ऑटो होंडा – 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा – 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




मेडिकल साइंस की दुनिया में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी कामयाबी हासिल कर ली है, जो आने वाले समय में दिल के इलाज की पूरी तस्वीर ही बदल देगी। वैज्ञानिकों ने पहली बार लैब के अंदर इंसानी स्टेम सेल्स की सहायता से दिल का असली मास्टर कंडक्टर यानी धड़कन पैदा करने वाला पेसमेकर तैयार कर लिया है।


# वैज्ञानिकों ने लैब में तैयार किया इंसान का असली पेसमेकर, खुद-ब-खुद धड़क रहा है दिल!

**बीजिंग।** भारत के पड़ोसी मुल्क चीन के वैज्ञानिकों ने इस काम में सफलता हासिल की है। सबसे अच्छी और राहत भरी बात यह है कि लैब में उगाया गया यह छोटा सा जैविक अंग बिल्कुल असली इंसान के दिल की तरह खुद-ब-खुद धड़क रहा है। इस सफलता के बाद अब यह उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में हार्ट पेशेंट्स के अंदर मेटल के नकली पेसमेकर लगवाने, सर्जरी के खतरों और कुछ सालों बाद बैटरी बदलने के झंझट से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा।

## हार्ट पेशेंट का होगा परमानेंट इलाज?

### क्यों खास है दिल का यह हिस्सा?

हमारे दिल के दाहिने हिस्से में मौजूद होता है साइनोएट्रियल नोड, जो एक मास्टर कंडक्टर की तरह काम करता है। यह लगातार बिजली के सिग्नल जनरेट करता है, जिससे हमारा दिल सही रफ्तार से धड़कता रहे और पूरे शरीर में खून का दौरा चलता रहे। अगर यह हिस्सा काम करना बंद कर दे, तो दिल की धड़कन खतरनाक रूप से धीमी हो सकती है या रुक भी सकती है।



### लैब में कैसे हुआ यह चमत्कार?

चीन के शंघाई में चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और फुदान यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने ह्यूमन प्लूरिपोटेंट स्टेम सेल्स का इस्तेमाल करके इस 3डी ऑर्गनॉइड यानी लैब में तैयार किया छोटा अंग तैयार किया है। यह रिसर्च स्टेम सेल रिसर्च जर्नल में पब्लिश हुई है। वैज्ञानिकों ने न सिर्फ इस नोड को बनाया, बल्कि इसे नसों के एक नकली नेटवर्क से भी कनेक्ट किया, जिससे यह पता लगाया जा सके कि हमारा नर्वस सिस्टम दिल की धड़कन को कैसे कंट्रोल करता है। टेस्ट के दौरान यह सफल रहा और इसने बिल्कुल असली दिल की तरह सिग्नल ट्रांसफर किए। जब इस पर दवाओं का असर देखा गया, तो इसने असली दिल की तरह ही रिएक्ट किया।

### इलेक्ट्रॉनिक पेसमेकर की कमियां होंगी दूर

दिल की धड़कन से जुड़ी बीमारी को ठीक करने के लिए, अभी बॉडी के अंदर इलेक्ट्रॉनिक पेसमेकर लगाया जाता है। लेकिन, इसकी अपनी कुछ कमियां हैं, जैसे इन्फेक्शन का खतरा, 10-15 साल में बैटरी खत्म होने की टेंशन और शरीर के हिसाब से इसका साइज न बदल पाना. लेकिन इस नई कामयाबी से दिल की बीमारी का स्थायी इलाज मिल सकता है।

## रोचक खबरें

### दुनिया का सबसे अनोखा सांप जो मेंढकों से चुराता है जहर

प्रकृति में ऐसे कई रहस्य छिपे हुए हैं, जिनके बारे में जानकर लोग हैरान रह जाते हैं। दुनिया में कुछ जीव अपनी ताकत के लिए जाने जाते हैं, तो कुछ अपने जहरीले हमले के लिए. लेकिन क्या आपने कभी ऐसे सांप के बारे में सुना है, जो खुद जहर नहीं बनाता, बल्कि दूसरे जहरीले जीवों से जहर चुरा के खुद को खतरनाक बना लेता है? सुनने में यह भले ही आपको अजीब लग रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। इस अनोखे सांप का नाम रेड-नेक्ड कीलबैक है। यह सांप अपनी खास आदतों और अनोखी रक्षा प्रणाली की वजह से वैज्ञानिकों के लिए भी काफी दिलचस्प बना हुआ है। आमतौर पर जहरीले सांप अपने शरीर में खुद जहर तैयार करते हैं, लेकिन रेड-नेक्ड कीलबैक ऐसा नहीं करता। यह मुख्य रूप से जहरीले मेंढकों और टोड्स को खाता है। इन्हीं जीवों के शरीर में मौजूद जहरीले रसायनों को यह अपने शरीर में जमा कर लेता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह सांप जहरीले टोड्स में पाए जाने वाले बुफाडिएनोलाइड्स नाम के केमिकल को अपने शरीर में स्टोर करता है। यही केमिकल बाद में इसकी सुरक्षा का हथियार बन जाता है। यानी यह सांप बिना खुद जहर बनाए भी जहरीला और खतरनाक बन जाता है। रेड-नेक्ड कीलबैक की गर्दन के पीछे खास तरह की ग्रंथियां होती हैं, जिन्हें नुचल ग्लैंड कहा जाता है। यही वह जगह है, जहां यह सांप जहरीले रसायनों को जमा करके रखता है। जब इसे खतरा महसूस होता है, तब यह अपनी गर्दन ऊपर उठाकर इन ग्रंथियों को दिखाता है। यह एक तरह की चेतावनी होती है, जिससे शिकारी डर जाएं और इस पर हमला न करें।



### 15 साल की लड़की ने ढूंढ लिया 24 घंटे फ्री बिजली का तरीका

**न्यूयार्क।** दुनिया एक तरफ ऊर्जा संकट और महंगे पावर प्रोजेक्ट्स से जूझ रही है, तो वहीं इसी समस्या को दूर करने के लिए 15 साल की स्कूली छात्रा ने बड़ा कमाल कर दिखाया है। फ्लोरिडा की हैना हर्बस्ट ने करीब 1,200 रुपए से भी कम खर्च में एक ऐसा छोटा जनरेटर बनाया है जो समुद्र की लहरों से लगातार बिजली पैदा कर सकता है।




जरा सोचिए, एक तरफ जहां समंदर से बिजली बनाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां अरबों रुपए के प्रोजेक्ट्स पर पानी की तरह पैसा बहा रही हैं, वहीं मात्र 15 साल की एक स्कूल जाने वाली बच्ची ने लगभग 1,200 रुपए से कम के खर्च में यह कमाल कर दिखाया है। 15 साल की एक छोटी सी लड़की ने कबाड़ के सामान से एक ऐसा चलता-फिरता जनरेटर बना दिया है, जो बिना धूप, बिना हवा के सिर्फ समंदर की लहरों से 24 घंटे बिजली फ्री दे सकता है। इस छोटी सी बच्ची के दिमाग को देखकर दुनिया भर के लोग हैरान हैं। फ्लोरिडा की रहने वाली 15 साल की स्टूडेंट हैना हर्बस्ट ने मात्र 12 डॉलर यानी करीब 1,200 रुपए की लागत से एक छोटा हाइड्रोइलेक्ट्रिक जनरेटर तैयार किया है, जो समुद्र की लहरों से फ्री बिजली बना सकता है। इस डिवाइस का नाम ब्रिंगिंग इलेक्ट्रिसिटी एक्सेस टू कंट्रीज थ्रू ओशन एनर्जी रखा गया है। इसे बनाने के लिए हैना ने रिसाइकिल यानी कचरे का सामान, पीवीसी पाइप और एक 3डी प्रिंटेड प्रोपेलर यानी पंखे का इस्तेमाल किया है। इस कमाल के इनोवेशन के लिए उन्हें 3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज में भी सम्मानित किया जा चुका है।

## कमाल

### कैसे रखते थे अपने महल को बर्फ जैसा ठंडा?

# न एसी था, न कूलर, फिर भी गर्मी में परेशान नहीं होते थे राजा-महाराजा

**नई दिल्ली।** आज के दौर में गर्मी शुरू होते ही लोग सबसे पहले पंखा, कूलर और एसी की तलाश करने लगते हैं। लेकिन, जरा सोचिए, जब बिजली ही नहीं थी, तब लोग भीषण गर्मी से कैसे बचते होंगे? खासकर राजा-महाराजा, जो विशाल महलों और किलों में रहते थे, आखिर वे अपने महलों को ठंडा कैसे रखते थे? दरअसल, पुराने समय के लोगों के पास आधुनिक मशीनें भले ही नहीं थीं, लेकिन उन्हें प्रकृति और आर्किटेक्चर की गहरी समझ थी। इसी समझ के कारण उनके बनाए महल बिना एसी और कूलर के भी ठंडे और आरामदायक बने रहते थे। आज भी कई पुराने किले और महल इस बात का उदाहरण हैं कि सही तकनीक और प्राकृतिक तरीकों से गर्मी को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



### खिड़कियां और वेंटिलेशन का खास इंतजाम

पुराने महलों में खिड़कियों और वेंटिलेटर का डिजाइन बेहद सोच-समझकर बनाया जाता था। खिड़कियों की दिशा ऐसी होती थी कि सीधी धूप अंदर ना आए, लेकिन ताजी हवा लगातार आती रहे। इससे महल के अंदर प्राकृतिक ठंडक बनी रहती थी। वेंटिलेटर भी खास तरीके से बनाए जाते थे, ताकि गर्म हवा बाहर निकल सके और ठंडी हवा अंदर आती रहे। कई महलों में जालीदार खिड़कियां बनाई जाती थीं, जो हवा को ठंडा करके अंदर पहुंचाने में मदद करती थीं।

### आज के घरों में क्यों बढ़ गई एसी की जरूरत?

आजकल मॉडर्न घरों में अक्सर छोटी खिड़कियां, पतली दीवारें और कम वेंटिलेशन देखने को मिलता है। कई घरों में प्राकृतिक हवा आने का रास्ता ही नहीं होता। यही वजह है कि लोग पूरी तरह एसी और कूलर पर निर्भर हो गए हैं। पुराने समय की आर्किटेक्चर हमें यह सिखाती है कि अगर घरों को सही तरीके से डिजाइन किया जाए और प्रकृति का ध्यान रखा जाए, तो बिना ज्यादा बिजली खर्च किए भी गर्मी से राहत पाई जा सकती है।

### पेड़-पौधे और तालाब भी देते थे ठंडक

महलों के आसपास बड़े-बड़े पेड़ लगाए जाते थे। इन पेड़ों की घनी छांव से आसपास का तापमान कम रहता था और गर्म हवाएं सीधे महल तक नहीं पहुंच पाती थीं। इसके साथ ही कई महलों के पास तालाब, फव्वारे और पानी के छोटे स्रोत बनाए जाते थे। पानी के कारण आसपास का वातावरण ठंडा बना रहता था। जब हवा पानी के ऊपर से होकर गुजरती थी, तो वह ठंडी होकर महल के अंदर पहुंचती थी। पुराने समय के कारीगरों को आर्किटेक्चर की अद्भुत समझ थी। उन्होंने ऐसे महल बनाए, जो बिना किसी मशीन के भी मौसम के अनुसार खुद को संतुलित रखते थे। यही कारण है कि आज भी कई पुराने किले और महल गर्मियों में ठंडे महसूस होते हैं।

## ड्रैगन का नया प्लान, एक साल के लिए स्पेस में भेज दिए तीन एस्ट्रोनॉट्स



**बीजिंग।** अंतरिक्ष के क्षेत्र में चीन लगातार आगे बढ़ रहा है और कई नए आयाम पेश कर रहा है। इस बीच चीन ने अपने महत्वकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत शेनझोउ- 23 मिशन को लॉन्च किया है। इस मिशन में चीन तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अपने स्पेस स्टेशन तियांगोंग पर भेजा है।

यह मिशन चीन के 2030 तक इंसानों को चांद पर उतारने की लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चीन के शेनझोउ-23 अंतरिक्ष यान को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया था। सफल लॉन्चिंग के कुछ घंटों बाद ही यह तियांगोंग स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा था। इस मिशन के तहत चीन ने तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अपने स्पेस सेंटर भेजा है। स्पेस स्टेशन पर जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स में कमांडर झू यांगझू, पायलट झांग युआनझी और लाई का-यिंग शामिल है। लाई का-यिंग पहले अंतरिक्ष यात्री बने हैं, जो हांगकांग से आते है। इस मिशन की सबसे खास बात है कि यह तीनों में एक अंतरिक्ष यात्री पूरे एक साल तक अंतरिक्ष में रहेगा। बता दें कि यह चीन का अभी तक का सबसे लंबा मानव अंतरिक्ष मिशन होने जा रहा है।

# भारत का सबसे भुतिया हिल स्टेशन, दिन में जन्नत, रात में रहस्यमयी आवाजें!



**कोलकाता।** भारत में मौजूद हिल स्टेशन अपनी खूबसूरती, शांत वातावरण और प्राकृतिक नजारों के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। हर साल लाखों पर्यटक इन वादियों में सुकून के पल बिताने पहुंचते हैं। लेकिन, देश में एक ऐसा हिल स्टेशन भी है, जो अपनी खूबसूरती से ज्यादा रहस्यमयी और डरावनी कहानियों के कारण चर्चा में रहता है। यह जगह दिन में जितनी आकर्षक दिखाई देती है, रात होते ही उतनी ही खौफनाक लगने लगती है। हम बात कर रहे हैं पश्चिम बंगाल के कुर्सियांग इलाके में स्थित मशहूर डॉउहिल स्टेशन की, जिसे भारत के सबसे डरावने हिल स्टेशनों में गिना जाता है।

### कहां है ये जगह?

दार्जिलिंग से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह घने जंगलों, शांत सड़कों और बादलों से ढकी पहाड़ियों के लिए जानी जाती है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दिन के समय यहां की हरियाली और ठंडी हवाएं लोगों को बेहद सुकून देती हैं, लेकिन जैसे ही शाम ढलती है, इस जगह का माहौल पूरी तरह बदल जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि रात के समय यहां अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। कई लोगों ने जंगलों के बीच किसी के चलने की आहट महसूस करने की बात कही है। कुछ पर्यटकों का कहना है कि उन्होंने सुनसान रास्तों पर रहस्यमयी परछाइयों को घूमते देखा है। यही वजह है कि यह जगह लंबे समय से डर और रहस्य से जुड़ी कहानियों का हिस्सा बनी हुई है।

### रहस्य, रोमांच और खूबसूरती का अनोखा मिश्रण

इतिहासकारों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस इलाके से जुड़ी कई पुरानी लोककथाएं आज भी सुनाई जाती हैं। शायद यही कारण है कि यह जगह एडवेंचर पसंद करने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। कई लोग यहां सिर्फ इसकी डरावनी कहानियों को करीब से महसूस करने आते हैं। डॉउहिल स्टेशन आज भी रहस्य, रोमांच और खूबसूरती का अनोखा मिश्रण बना हुआ है। जहां कुछ लोग इसे डरावना मानते हैं, वहीं कई पर्यटक इसे भारत के सबसे दिलचस्प हॉरर डेस्टिनेशन के रूप में देखते हैं।



### रात होते ही सुनाई देती हैं रहस्यमयी आवाजें!

डॉउहिल स्टेशन के आसपास मौजूद जंगलों को लेकर भी कई डरावनी बातें कही जाती हैं। लोगों का मानना है कि यहां कुछ ऐसी घटनाएं हुई थीं, जिनकी वजह से यह इलाका आज भी रहस्यमयी माना जाता है। कई स्थानीय कथाओं में दावा किया जाता है कि जंगलों में इंसानी हड्डियां मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ऐसी कहानियां लोगों के बीच डर और रोमांच दोनों पैदा करती हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com